राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 123 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पंजाब और हरियाणा जल विवाद हाइकोर्ट पहुंचा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा के बीच जारी जेल विवाद का मुद्दा सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट पहुंच गया। इसी बीच पंजाब विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र में हरियाणा को पानी न देने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। हरियाणा और पंजाब के बीच पानी के विवाद को लेकर सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें हरियाणा के महाधिवक्ता ने कहा कि प्रदेश के 200 से ज्यादा जल घर सूख चुके हैं। पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी रोक दिया है। इसके जवाब में पंजाब सरकार ने कहा कि हमने हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे दिया है। हम ओर पानी हरियाणा को नहीं दे सकते हैं। पंजाब के किसानों को भी धान की फसल लगाना है। हमें भी पानी चाहिए। हाईकोर्ट में मंगलवार को फिर इस पर सुनवाई होगी। दूसरी ओर दोनों राज्यों के जल विवाद पर सोमवार को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र करीब 5 घंटे चला । सत्र के दौरान सभी पार्टियों ने हरियाणा को पानी देने का विरोध किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हरियाणा को अभी तो हम ये पानी दे रहे, आगे से ये भी नहीं मिलेगा।

# गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजधानी में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव,




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के निदेशक और गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से जमीनी स्तर पर पुलिस की कार्यकुशलता और जवाबदेही बढ़ेगी। गृह मंत्री ने इन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि 60 और 90 दिनों के भीतर आरोप-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जानी चाहिए

### तिब्बती संस्कृति की रक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

*नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि तिब्बती संस्कृति, पहचान और सम्मान का संरक्षण न केवल भारत की नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारे सनातन मूल्यों और सभ्यता की भी अभिव्यक्ति है। उन्होंने भारत-तिब्बत सहयोग मंच को दशकों तक इस सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संबंधों को सशक्त करने में निभाई गई भूमिका के लिए साधुवाद दिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत-तिब्बत सहयोग मंच के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सोमवार को सहभागिता की। कार्यक्रम का विषय वैश्विक स्तर पर नासूर बना विस्तारवाद एवं आतंकवाद था।*

# सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के निर्देश

□ 7 मई को करें, नागरिकों को हमले से बचने की ट्रेनिंग दें; पाकिस्तान से तनाव के बीच सरकार का बड़ा आदेश, गृह मंत्रालाय ने सभी राज्यों को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आदेश

**निर्देश जारी**

□ गृह मंत्रालय ने राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद काफी तनाव है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई एक्शन लिए हैं। भारत के कड़े एक्शन से पाकिस्तान बिलबिला उठा है। इस बीच गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के एक अहम निर्देश दिया है। दरअसल, समाचार एजेंसी ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि गृह मंत्रालय ने कई राज्यों से 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 7 मई को देश के सभी राज्यों को एयर रेड सायरन संबंधित मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए।




### पाक सेना ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर।** पहलगाम में बाईस अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान की फौज बिना उकसावे के जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र में गोलीबारी कर रही है। चार-पांच मई की रात पाकिस्तान की सेना ने फिर ऐसी हरकत की।

### आतंक के खिलाफ लड़ाई में रूस का भारत को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया और जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर पुतिन और मोदी की बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस के



राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने आगे बताया कि दोनों नेताओं ने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को अधिक प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई । प्रधानमंत्री मोदी ने विक्ट्री डे की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

### मॉक ड्रिल के दौरान निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे

- हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन
- शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण।
- क्रैश ब्लैक आउट उपायों का प्रावधान
- महत्वपूर्ण संयंत्रों/स्थापनाओं को समय से पहले छिपाने का प्रावधान
- निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास

**जानिए मॉक ड्रिल क्या होता है?**

- बता दें कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति की तैयारी योजना की समीक्षा करना। इसके अलावा किसी भी स्थान पर मानक संचालन प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करना। मॉक ड्रिल के दौरान सभी लोगों को किसी भी इमरजेंसी स्थिति के दौरान एक्शन के लिए तैयार किया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान उस आपात स्थिति के बारे में लोगों को बताया भी जाता है। मॉक ड्रिल एक प्रकार का ऐसा प्रोसेस है जो आपदा के आने पर कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए यह बताता है।

### भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भाग लेने भारत आएंगे पुतिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन-2025 में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता में दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी और सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष भारत की मेजबानी में होने वाले सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रूस के राष्ट्रपति को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान औपचारिक रूप से आमंत्रित किया।



विदेश मंत्री जयशंकर और जापान की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर नुकागा के बीच अहम चर्चा।

# जज कैश: कमेटी ने जांच रिपोर्ट सौंपी

□ आवास से नकदी मिलने के बाद चर्चा में आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस वर्मा के खिलाफ गठित जांच आयोग ने कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी

**रिपोर्ट सौंपी**

□ सुप्रीम कोर्ट ने एक नोटिफिकेशन के जरिए इसकी सूचना दी। जांच कमेटी ने 4 मई को सुप्रीम कोर्ट को ये रिपोर्ट सौंपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अपने आवास से नकदी मिलने के बाद चर्चा में आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ गठित जांच आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक नोटिफिकेशन के जरिए इसकी सूचना दी। जांच कमेटी ने 4 मई को सुप्रीम कोर्ट को ये रिपोर्ट सौंपी। चीफ जस्टिस संजीव




खन्ना ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा था कि वो दिल्ली हाई कोर्ट से ट्रांसफर किए गए जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य न सौंपें। जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से 14 मार्च को नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था। राष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। इसी आदेश के बाद चीफ जस्टिस ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को जस्टिस वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य नहीं सौंपने का आदेश दिया।

### नए सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति को लेकर हुई अहम बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। देश के नये केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) प्रमुख की नियुक्ति को लेकर शनिवार को राजधानी दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अहम बैठक हुईं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार बैठक सीबीआई निदेशक की नियुक्ति पर विचार-विमर्श से जुड़ी उच्चस्तरीय चयन समिति के कामकाज से जुड़ी है। वर्तमान सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल इस वर्ष 25 मई को समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि निदेशक का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित है। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में निर्देश दिया था कि छह महीने से अधिक सेवा शेष रहने वाले अधिकारी ही इसके पात्र होंगे।

## एडीबी अध्यक्ष से मिलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कंदा से मुलाकात की है।



**वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी**
बता दें कि सोमवार को वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज इटली के मिलान में 58वीं एडीबी वार्षिक बैठक के दौरान एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करता है।

## वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टाल दिया है । चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई होनी है और वे 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसलिए इस मामले को जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष 14 मई को सुनवाई की जाए। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का



विरोध करते हुए कहा है कि ये संशोधन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि वक्फ कानून में संशोधन संपत्तियों के धर्मनिरपेक्ष प्रबंधन के लिए है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा है कि वक्फ संशोधन कानून किसी भी तरह से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन नहीं करता है।

### पहलगाम आतंकी हमले पर विचार करने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र और राज्यों को निर्देश दिये जाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता और विशाल तिवारी को फटकार लगाते हुए कहा कि आपका मकसद क्या है।

## भारत-जापान ने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में भारत और जापान ने आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और इस संबंध में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा, नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की

**द्विपक्षीय बैठक**

□ दोनों पक्षों ने आतंकवाद की निंदा की और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया

आवश्यकता पर जोर दिया। नकातानी ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। रक्षा मंत्रालय ने दोनों नेताओं की बैठक का ब्यौरा साझा करते हुए एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की पाकिस्तान सरकार की नीति की निंदा की, जिसे सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों के माध्यम से अंजाम दिया जाता है।

**कैबिनेट फैसले**

### 350 नए स्टेज कैरिज रूटों पर निजी ऑपरेटर चलाएंगे टेंपो ट्रैवलर

# अंशकालिक बनेंगे दैनिक वेतनभोगी, नई भर्तियों के दिशा-निर्देश मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत व 31 मार्च, 2025 तक सात वर्ष की निरंतर सेवाएं पूरी कर चुके अंशकालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वन विभाग के वन्य जीव विंग को शिमला से कांगड़ा जिले के



धर्मशाला में सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना कार्यालय भवन में स्थानांतरित करने का भी निर्णय लिया गया। सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना के कार्यालय को वन संरक्षक (वन्य जीव), धर्मशाला के खाली पड़े परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा।

**मंडी जिला जेल नेरचौक शिफ्ट होगी**
कैबिनेट ने मंडी से जिला जेल को नेरचौक में नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने को मंजूरी दी। मंडी में मौजूदा जिला जेल परिसर को महिला कैदियों के लिए खुली जेल में परिवर्तित किया जाएगा। इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट ने विभिन्न श्रेणियों में आवश्यक पदों को बनाने और भरने की मंजूरी दी। मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व विभाग के तहत हिमाचल प्रदेश ऑनलाइन फाइलिंग और कोर्ट केस प्रोसेसिंग नियम, 2025 को मंजूरी दे दी गई। ये नियम राजस्व न्यायालयों को आवेदन, अपील, संशोधन, समीक्षा और अन्य याचिकाओं को ऑनलाइन प्राप्त करने और संसाधित करने की अनुमति देंगे। चयन आयोग की भर्ती परीक्षाओं के शुल्क निर्धारण को मंजूरी इसके अतिरिक्त, मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को आयोग की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क निर्धारित करने के लिए अधिकृत किया।

**बैठक**

□ हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की गई

### पाकिस्तान आतंकवादियों के हॉरर शो का निर्माता: मुख्तार अब्बास नकवी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि पहलगाम हमले के गुनहगार बच नहीं पाएंगे। यह दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवादियों के हॉरर शो का सबसे बड़ा निमार्ता, निर्देशक और वितरक है।
भाजपा नेता नकवी ने आज सोमवार को संक्षिप्त 'वीडियो प्रेस नोट' में पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के घृणित चेहरे पर करारी चोट की। भाजपा नेता ने कहा कि पहलगाम हमला सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि समूची दुनिया और मानवता के लिए चुनौती है।

# ऑर्थोपेडिक टीम की देखरेख में हो रहा पवनदीप का इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** सड़क हादसे में घायल टीवी शो इंडियन आइडल 12 के विजेता सिंगर पवनदीप राजन की पहली हेल्थ अपडेट सामने आ गई है। उनका इलाज नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में चल रहा है। सोमवार को अस्पताल ने हेल्थ अपडेट में बताया कि पवनदीप राजन का इलाज ऑर्थोपेडिक टीम की देखरेख में किया जा रहा है। उनके कई फ्रैक्चर हैं। फिलहाल वे होश में हैं और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें कई सर्जरी से गुजरना पड़ेगा। हमारी क्लिनिकल टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और उन्हें सभी





आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल प्रदान कर रही है।
**कब हुआ हादसा:** उत्तराखंड से नोएडा जाते समय सिंगर पवनदीप हादसे का शिकार हो गए। उनकी कार गजरौला में हाईवे किनारे खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई। इस हादसे में उनके चालक राहुल सिंह और साथी अजय मेहरा भी घायल हुए हैं। तीनों को पुलिस ने फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया था।

**हादसा**

▢ अस्पताल ने हेल्थ अपडेट में बताया कि पवनदीप राजन का इलाज ऑर्थोपेडिक टीम की देखरेख में किया जा रहा

**पुलिस ने कब्जे में लिया दोनों वाहन:** सिंगर पवनदीप की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उत्तराखंड में चंपावत के रहने वाले पवनदीप पुत्र सुरेश राजन भारतीय गायन रियलिटी टीवी शो इंडियन आइडल 12 के विजेता हैं। पुलिस के मुताबिक रविवार की रात पवनदीप अपने साथी अजय मेहरा के साथ घर से नोएडा जा रहे थे।
**रात ढाई बजे हुआ हादसा:** हादसे के दौरान कार चालक राहुल सिंह चला रहा था। रात करीब ढाई बजे जैसे ही उनकी कार गजरौला थानाक्षेत्र में चौपला चौराहा ओवरब्रिज से नीचे उतरी तभी, हाईवे किनारे खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई। यह हादसा चालक राहुल सिंह को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। हादसे में सिंगर पवनदीप उनके साथी अजय मेहरा और चालक राहुल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।
**दोनों पैर में फ्रैक्चर, सिर में चोट:** जानकारी मिलते ही सिंगर पवनदीप के परिजन अस्पताल पहुंच गए। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए अपने साथ नोएडा ले गए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक पवनदीप की दोनों टांगें फ्रैक्चर हो गई हैं और उनके सिर में भी चोट लगी है। सीओ श्वेताभ ने बताया कि क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## निगम के सुपरवाइजर से मारपीट, दो आरोपियों को पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** नगर निगम गाजियाबाद के सुपरवाइजर सुनील बाल्मिकी के साथ अवैध कार वाशिंग संचालक और उसके कर्मचारियों ने मारपीट की है। मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी 1 मेहराज, 2 बबलू पुत्र मेहराज, 3 शाकिब, 4 अमन और कुछ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 80 फुटा रोड पर अवैध कार धुलाई सेंटर का संचालन किया जाता है। रोड के दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी रहती हैं। जिससे नगर निगम कर्मचारियों को सफाई करने में दिक्कतें आती हैं। पुलिस को एक गुप्त सूचना पर नेहा डेरी में छापा मारकर दो नामजदों को हिरासत लिया है। दबंगों ने नगर निगम के सुपरवाइजर के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पुलिस की धड़ पकड़ चल रही है। अभी कई लोग फरार हैं। पुलिस का कहना फरार आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे।

## ग्रीन कार्ड पावरप्ले सेमिनार का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** फीनिक्स बिजनेस एडवाइजरी ने ग्रीन कार्ड पावरप्ले सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें 120 से अधिक प्रमुख भारतीय व्यवसायियों ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान सीईओ एमपी सिंह ने एलबनए वीजा मार्ग की विस्तृत जानकारी दी। जो व्यवसायियों को अमेरिका में निवास और आगे चलकर ग्रीन कार्ड प्राप्त करने का सशक्त साधन है। सिंह के नेतृत्व में फीनिक्स लगातार अपने क्लाइंट्स को प्रभावी और तेज परिणाम प्रदान कर रही है। एक प्रमुख आकर्षण रहा फीनिक्स की हालिया उपलब्धि सिर्फ 25 दिनों में एलबनए वीजा अप्रूवल जो संस्था की बेहतरीन प्रक्रिया, अनुभव और दक्षता को दर्शाता है। फीनिक्स की पारदर्शी नीति नो अप्रूवल नो फी और उनका अनूठा मॉडल पहले वीजा, फिर अमेरिका में निवेश ने सभी उपस्थित व्यवसायियों का भरोसा जीत लिया। अभिनेत्री और इंटरनेशनल पर्सनालिटी नरगिस फाखरी जो फीनिक्स बिजनेस एडवाइजरी की ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। नरगिस ने भारत और अमेरिका में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे सही मार्गदर्शन और दस्तावेजी प्रक्रिया से वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**05113/05114 छपरा – आनंद विहार (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05113 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05114 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:45 | छपरा | 14:00 | --- |
| 14:25 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 05113 छपरा से दिनांक 14.05.2025 से 16.07.2025 (प्रत्येक बुधवार) तथा 05114 आनंद विहार (ट) से दिनांक 15.05.2025 से 17.07.2025 (प्रत्येक गुरुवार) को।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**05301/05302 मऊ जं. – अंबाला कैंट जं. – मऊ जं. विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | मऊ जं. | 22:00 | --- |
| 00:30 | --- | अंबाला कैंट जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिन : 05301 मऊ जं. से दिनांक 15.05.25 से 17.07.25 (प्रत्येक गुरुवार) तथा 05302 अंबाला कैंट जं. से दिनांक 16.05.25 से 18.07.25 (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत एवं पानीपत स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**05193/05194 छपरा – शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर – छपरा विशेष रेलगाड़ी** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05193 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05194 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | छपरा | 08:00 | --- |
| 08:42 | 08:47 | मुरादाबाद | 14:20 | 14:30 |
| 23:05 | --- | शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर | --- | 00:10 |

चलने के दिन : 05193 छपरा से दिनांक 19.05.25 से 14.07.25 (प्रत्येक सोमवार) तथा 05194 शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर से दिनांक 21.05.25 से 16.07.25 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ एवं जम्मू तवी स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**05119/05120 छपरा – लोकमान्य तिलक (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी** 14 फेरे

| गाड़ी सं. 05119 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05120 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:00 | छपरा | 01:15 | --- |
| 14:40 | 14:50 | वाराणसी जं. | 21:25 | 21:35 |
| 16:45 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 20:15 |

चलने के दिन : 05119 छपरा से दिनांक 13.05.25 से 24.06.25 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 05120 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 14.05.25 से 25.06.25 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., प्रयागराज जं., मानिकपुर, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**04602/04601 फिरोजपुर कैंट जं. – पटना जं. – फिरोजपुर कैंट जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 40 फेरे

| गाड़ी सं. 04602 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04601 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:10 | फिरोजपुर कैंट जं. | 23:55 | --- |
| 06:30 | 06:40 | लखनऊ | 08:15 | 08:25 |
| 18:00 | --- | पटना जं. | --- | 20:50 |

चलने के दिन : 04602 फिरोजपुर कैंट जं. से दिनांक 07.05.25 से 12.07.25 (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार) तथा 04601 पटना जं. से दिनांक 08.05.25 से 13.07.25 (प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार) को।
ठहराव : मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04608/04607 अमृतसर जं. – दरभंगा – अमृतसर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04608 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04607 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:10 | अमृतसर जं. | 10:30 | --- |
| 02:30 | --- | दरभंगा | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04608 अमृतसर जं. से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 04607 दरभंगा से दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा जं., अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04068/04067 नई दिल्ली – भागलपुर – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 36 फेरे

| गाड़ी सं. 04068 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04067 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 14:30 | --- |
| 13:30 | --- | भागलपुर | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04068 नई दिल्ली से दिनांक 11.05.2025 से 09.07.2025 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तथा 04067 भागलपुर से दिनांक 12.05.2025 से 10.07.2025 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर जं., जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04618/04617 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 36 फेरे

| गाड़ी सं. 04618 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04617 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:10 | अमृतसर जं. | 14:00 | --- |
| 03:00 | --- | सहरसा जं. | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 04618 अमृतसर जं. से दिनांक 12.05.2025 से 08.07.2025 (प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार) तथा 04617 सहरसा जं. से दिनांक 14.05.2025 से 10.07.2025 (प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा जं., अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं, गोरखपुर जं, सीवान जं, छपरा, हाजीपुर जं, बरौनी जं, खगड़िया जं एवं मानसी जं स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 1328/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रविंदर उर्फ बाबा, पुत्रः उमेद सिंह, पताः बीपीओ गिवाना, सदर बाजार, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 815/2020, U/s: 392/397/411/34 IPC, पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रविंदर उर्फ बाबा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **रविंदर उर्फ बाबा** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंगोल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **रविंदर उर्फ बाबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री राजिंदर कुमार,
एएसजे–05, उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 317
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5706/OD/2025



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-67 **दिनांकः** 01.05.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** कंस्ट्रक्शन ऑफ़ ड्रेनस इन वेरियस यार्ड अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी इन कनेक्शन विथ अम्ब्रेला वर्क ऑफ़ यार्ड इम्प्रूवमेंट इन झाँसी - परौना सेक्शन। ( 8 यार्ड )

**अनुमानित लागत (रू):** ₹21308647.50 | **अमानत राशि (रू):** ₹256600.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 26.05.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

● निविदा **दिनांक 26.05.2025 को 15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **756/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 02.05.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 3**

विषयः 41 अदद 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 08.05.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2

1. विषयगत निविदा की कुछ शर्तों को संशोधित कर आईआरईपीएस वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर जाएं।
2. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 08.05.2025 (गुरुवार) से **30.05.2025** (शुक्रवार) बदल दी गई है।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

1321/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **राहुल उर्फ संतोष, पुत्रः भूरा सिंह, निवासीः मकान नं.-12, गली नं.-12, साई मंदिर के पीछे, नंगली डेयरी, नजफगढ़, नई दिल्ली,** और **मकान नं.-160, पहली मंजिल सामने की ओर, ब्लॉक K-1, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.93/2020 U/S 356/379/341/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जनकपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ संतोष** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ संतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.93/2020 U/S 356/379/341/34 IPC, थाना जनकपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल उर्फ संतोष** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **06.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार श्री हरजोत सिंह औजला
जेएमएफसी–11, दक्षिण पश्चिम जिला,
कमरा नं. 05, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5616/WD/2025
(अदालती मामला)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अभिषेक शुक्ला, पुत्रः** राकेश कुमार शुक्ला, **पताः** मकान नं. 331 गली नंबर 9 कृष्णा गली आदर्श मोहल्ला मौजपुर जाफराबाद, **दिल्ली FIR No. 206/2020, U/s 379/356 IPC पुलिस थाना जी.टी.बी. एनक्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक शुक्ला,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक शुक्ला,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक शुक्ला, FIR No. 206/2020, U/s 379/356 IPC पुलिस थाना जी.टी.बी. एनक्लेव, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 14.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
संघमित्रा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नंबर 54 द्वितीय तल,
शाहदरा जिला कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5549/SHD/2025
(Court Matter)


## एनआईए की राजस्थान, और दिल्ली में छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 2024 के नीमराना होटल फायरिंग केस में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह मामला कनाडा में रहने वाले खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला से जुड़ा हुआ है। एनआईए के अनुसार जांच जारी है। एनआईए का लक्ष्य देश में सक्रिय आतंकी और गैंगस्टर नेटवर्क को खत्म करना है। पिछले साल 8 सितम्बर को होटल हाई-वे किंग पर हुए हमले में 35 गोलियां चलाई गई थीं।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैलाना (3476) ब्लॉक गन्नौर, जिला सोनीपत में टव्व्ट (मीड डे मील) मे खाना बनाने के लिए एक पद (कुक) की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदक अपने आवेदन को दिनांक 16.05.2025 तक स्कूल प्रधानाचार्या के पास अपने पूर्ण दस्तावेजो के साथ जमा करा दे। कुक की नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए नियम व शर्ते लागू रहेगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# महिला महा जनसुनवाई की शुरूआत

अगले पांच दिनों में 1100 से अधिक मामलों का होगा समाधान, महिला न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया







शिकायतें

जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री ऍवं आयोग की अध्यक्ष ने महिलाओं की शिकायतें सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार से महिला महा जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में करीब 1100 मामलों को सुलझाया जाएगा। महिला महा जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महिलाओं की शिकायतें सुनीं तथा समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उद्घाटन के अवसर पर विजया रहाटकर ने महिला न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आयोग का लक्ष्य वर्ष के अंत तक शिकायतों के समाधान में लंबित मामलों को समाप्त करना है। अगले 5 दिनों में एनसीडब्ल्यू प्रतिदिन 250-300 मामलों की सुनवाई करेगा यानी दिल्ली के करीब 1100 समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य माध्यम से हम विभिन्न स्थानों पर जाकर उनकी समस्याओं की 'जन सुनवाई' करते रहे हैं । रहाटकर ने जागृति नामक पाक्षिक पत्रिका का शुभारंभ किया, जिसमें महिला-केंद्रित कहानियां, कानूनी अपडेट और प्रमुख घटनाक्रम शामिल हैं। हर 15 दिन में प्रकाशित होने वाली जागृति ऑनलाइन 10,000 पाठकों तक पहुंचेगी और एनसीडब्ल्यू की वेबसाइट पर डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। इस पत्रिका में महिलाओं की विभिन्न उपलब्धियों, महिलाओं से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश, उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्य, सरकार द्वारा शुरू की गई नई पहल आदि को प्रमुख स्थान दिया जाएगा।

## डायल 112 पर शिकायत करने पर अब और जल्दी पहुंचेगी दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली वासियों तक तुरंत सहायता पहुंचाने के लिए दिल्ली पुलिस अपना अपग्रेड करने जा रही है। अब किसी पीड़ित के कॉल करने से लेकर पुलिस टीम के उसके पास पहुंचने तक की प्रक्रिया हो जाएगी। यानी पीड़ित तक पुलिस के पहुंचने में लगने वाला समय कम हो जाएगा। अभी जो ERSS काम कर रहा है,

## विधानसभा में लेखा परीक्षा अनुपालन और वित्तीय सुशासन को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को लेखा परीक्षा अनुपालन और वित्तीय सुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान गुप्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों पर त्वरित रूप से कार्रवाई की गई टिप्पणियां (एक्शन टेकन नोटस-एटीएनएस) प्रस्तुत करने के महत्व को दोहराया है। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अजय महावर भी उपस्थित रहे। बैठक में ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम (एपीएमएस) और सीएजी की रिपोर्ट टिप्पणियों (एटीएनएस) की समीक्षा के विषयों पर चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना तथा लेखा परीक्षात्मक निष्कर्षों पर समयबद्ध प्रतिक्रिया को प्रोत्साहित करना है। बैठक में रोली शुक्ला मालगे, महालेखा परीक्षक (ऑडिट), आशीष चंद वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त), डॉ. एसबी दीपक, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सन्नी कुमार सिंह, आयुक्त, आबकारी, मनोरंजन एवं विलास कर विभाग, दानिश अशरफ, विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विजेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, एसएस परिहार, विशेष सचिव, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विचार-विमर्श के दौरान अध्यक्ष ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे सीएजी की अनुशंसाओं का गंभीरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें तथा एटीएनएस समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। उन्होंने वित्तीय अनुशासन और संस्थागत पारदर्शिता की आवश्यकता पर भी बल दिया। सभी विभागों ने लेखा परीक्षा की समीक्षा प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की पहल के अंतर्गत, सीएजी रिपोर्टों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली एटीएनएस की निगरानी हेतु एक समर्पित वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। यह पोर्टल केंद्र सरकार द्वारा प्रयुक्त प्रणाली के मॉडल पर आधारित होगा तथा इसे दिल्ली सरकार के वित्त विभाग द्वारा विकसित और प्रबंधित किया जा रहा है। इस पोर्टल को 23 जून 2025 तक विधिवत रूप से शुरू करने का लक्ष्य है। इससे संबंधित तकनीकी परीक्षण, कस्टमाइजेशन तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रक्रिया में है। पोर्टल के माध्यम से एटीएनएस को ऑनलाइन प्रस्तुत, सत्यापित और संसदीय समितियों द्वारा संसाधित किया जा सकेगा।

## दिल्लीवासियों के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 311 का ऐलान

समन्वय

नागरिक केवल 311 पर कॉल करें और उनकी शिकायत संबंधित विभाग तक तुरंत पहुंचा दी जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। मान**सून से पहले दिल्ली सरकार ने सोमवार को नागरिक सेवाओं की शिकायतों के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 311 ऐलान किया है। राजधानी में अब नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली लोक निर्माण विभाग जल बोर्ड और फ्लड विभाग से जुड़ी सभी नागरिक सेवाओं की शिकायतें एक ही नंबर 311 पर दर्ज की जा सकेंगी। इस एकीकृत हेल्पलाइन नंबर की घोषणा सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने एनडीएमसी के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण करने के बाद की। मंत्री ने कहा कि वन दिल्ली, वन नंबर यही हमारा लक्ष्य है। अब लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं कि समस्या किस विभाग की है। नागरिक केवल 311 पर कॉल करें और उनकी शिकायत संबंधित विभाग तक तुरंत पहुंचा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था खासतौर से मानसून सीजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जलभराव, टूटी सड़कें, बंद नाले या ओवरफ्लो सीवर जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को अब किसी विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे। मंत्री ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें कमांड सेंटर की संचालन प्रणाली, विभागों के प्रतिनिधियों की प्रतिनियुक्ति, जवाबदेही तंत्र और तकनीकी एकीकरण पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## यूट्यूब चैनल 4पीएम को ब्लॉक करने पर कोर्ट का केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूब चैनल 4पीएम को ब्लॉक किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई अगले हफ्ते होगी। यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकार संजय शर्मा ने याचिका दायर की है।

## दिल्ली के तैमूर नगर में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सोमवार को राजधानी के तैमूर नगर में नालें के किनारे बसे अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। तैमूर नगर नाले के जीणोद्धार में ये अवैध निर्माण बाधा बन रहे थे। डीडीए ने कड़ी सुरक्षा के बीच अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू किया। बुलडोजर एक्शन से पहले इंदिरा गांधी कैंप में अथॉरिटी के कर्मचारियों ने अवैध निर्माण करने वाले लोगो को नोटिस भी दिया था। तैमूर नगर में हुई इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसईएस, पीडब्ल्यूडी और एमसीडी की टीम भी मौके पर मौजूद रही। बिजली विभाग ने पहले अवैध घरों के कनेक्शन काटकर मीटर हटा दिए थे। जिसके बाद जेसीबी मशीनों की मदद से इन घरों को गिराने का काम शुरू किया गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद डीडीए ने इस पर कार्रवाई की। 28 अप्रैल को दिल्ली न्यायालय ने दक्षिणी दिल्ली में मौजूद तैमूर नगर नाले के आसपास 5 मई से अवैध रुप से बनी झुग्गियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली के शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव में पुलिस बल की तैनाती के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़कड़डूमा कोर्ट के शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव में पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती का आदेश दिया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली हाई कोर्ट की फुल बेंच ने शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव को आयोजित कराने के लिए नियुक्त हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस तलवंत सिंह की रिपोर्ट पर ये आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि पूरे चुनाव पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रखी जाएगी। इस चुनाव में वकीलों या किसी दूसरे समूह की ओर से अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की जाएगी तो




तुरंत कार्रवाई की जाए। हाई कोर्ट ने कहा कि सीसीटीवी की लाईव फुटेज दिल्ली पुलिस के स्थानीय डीसीपी को उपलब्ध कराया जाए ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में स्थिति को संभाला जा सके। दिल्ली हाई कोर्ट समेत दिल्ली की सभी निचली अदालतों के बार एसोसिएशन के चुनाव 21 मार्च को आयोजित किए गए थे। 21 मार्च को साकेत कोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट में भारी अव्यवस्था और मतपत्रों और ईवीएम मशीनों की छीना-झपटी के बाद चुनाव निरस्त कर दिए गए थे। साकेत कोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट में 9 मई को चुनाव कराने का आदेश दिया था।

## पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की फिर बढ़ेंगी मुश्किलें

16 करोड़ रुपये की पेनाल्टी को मनमाने ढंग से माफ करा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा 571 करोड़ रुपये के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में करोड़ों के घोटाले के आरोपों के सिलसिले में जल्द ही पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन को नोटिस भेजकर पूछताछ करेगी। 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना थी।

**ये है आरोप**
आरोप है कि बीईएल अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सत्येंद्र जैन को सात करोड़ रुपये की रिश्वत देकर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) पर प्रोजेक्ट में देरी के कारण लगाई गई 16 करोड़ रुपये की पेनाल्टी को मनमाने ढंग से माफ करा लिया।



उपराज्यपाल से हरी झंडी मिलने पर एसीबी ने 19 मार्च को सत्येंद्र जैन व अज्ञात लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम व आपराधिक षड्यंत्र आदि के तहत केस दर्ज किया था।

**पूछताछ अभी भी जारी**
केस दर्ज करने के बाद एसीबी ने करीब एक माह तक पीडब्ल्यूडी व भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के दिल्ली व कोटद्वार दफ्तरों से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इसके बाद दोनों विभागों के 20 से अधिक अधिकारियों को तलब कर उनसे पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ अभी भी जारी है। एसीबी के एसीपी जरनैल सिंह का कहना है कि जांच से सभी साक्ष्य जुटा लिए गए हैं। अब जल्द ही सत्येंद्र जैन को नोटिस भेजकर पूछताछ की जाएगी। जैन को मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर हैं। फरवरी 2023 में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सत्येंद्र जैन 1.4 लाख सीसीटीवी लगाने के 571 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी थे।

शिकंजा

सीसीटीवी प्रोजेक्ट में करोड़ों के घोटाले के आरोपों के सिलसिले में पूर्व मंत्री से होगी पूछताछ

## हॉर्न बजाने से मना करने पर गार्ड को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज दक्षिण इलाके में महज हॉर्न बजाने से मना करने पर थार कार के चालक ने एक युवक को कुचल दिया। घटना में पीड़ित के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर वसंत कुंज दक्षिण थाने के इंस्पेक्टर अरविंद प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर छह घंटे के भीतर आरोपित थार चालक को गिरफ्तार किया। आरोपित ड्राइवर की पहचान रंगपुरी निवासी पहचान विजय उर्फ लाला (24) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजीव कुमार परिवार के साथ महिपालपुर में रहते है। वह एयरपोर्ट में टर्मिनल-3 में गार्ड की नौकरी करते है।

## एनडीएमसी ने मेगा स्वच्छता अभियान 'श्रमदान' शुरू किया

सफाई

एनडीएमसी के 14 स्वच्छता सर्किलों में हर दिन सुबह 8 से 9 बजे तक सफाई का काम होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सोमवार से एक मेगा स्वच्छता अभियान 'श्रमदान' शुरू किया। इस पहल के तहत एनडीएमसी के सभी कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी शुरू करने से पहले स्वच्छता कार्य के लिए प्रतिदिन एक घंटा श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्र ने सफदर हाशमी मार्ग से इस श्रमदान स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इसमें एनडीएमसी के सभी कर्मचारियों और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया।

इस अभियान के तहत एनडीएमसी के 14 स्वच्छता सर्किलों में हर दिन सुबह 8 से 9 बजे तक सफाई का काम होगा। इस मौके पर केशव चंद्र ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि पूरे शहर को साफ-सुथरा बनाने का एक बड़ा प्रयास है। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसमें एनडीएमसी अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन एक घंटे श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एनडीएमसी का लक्ष्य प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करना है।



# किसानों के साथ खड़ी नायब सरकार...

- आगजनी की घटनाओं के कारण प्रभावित फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मिला मुआवजा,
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 151 किसानों के खातों में लगभग 86.96 लाख रुपये की राशि की जारी,
- हरियाणा कैबिनेट के फैसले: उट बोले- अब अग्निवीरों को भी युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की तर्ज पर 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।
- पीड़ित किसानों को अगली फसल की बुवाई के लिए मिलेगा मुफ़्त खाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने किसान कल्याण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक बार फिर किसान हित में कदम उठाते हुए प्रदेशभर में गत दिनों हुई आगजनी की घटनाओं के कारण फसलों के नुकसान को लेकर किसानों को मुआवजा राशि जारी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 17 जिलों (अंबाला, मेवात, पलवल, फरीदाबाद और पंचकूला को छोड़कर) के 151 किसानों के खातों में लगभग 324 एकड़ क्षेत्र के लिए लगभग 86.96 लाख रुपये जारी किए। यह राशि समानुपात रूप से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यह भी बताया कि जिन किसानों की फसल आगजनी से जली है उनको सरकार द्वारा अगली फसल की बुवाई के लिए खाद और बीज मुफ़्त दिए जाएंगे।

हरियाणा के इतिहास में पहली बार फसलों में हुई आगजनी का मुआवजा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा भी दिया जा रहा है। ऐसे में किसानों को सामान्य तौर पर मिलने वाले मुआवजे से इस बार डबल मिल रहा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा किसान के उत्थान और उसके हित में कार्य कर रही है। किसान हमारे अन्नदाता है और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों खेतों में बड़ी संख्या में आग की घटनाओं के कारण राज्य में 2025 सीजन की रबी फसल को हुए नुकसान की सूचना मिली। इसे देखते हुए हमारी सरकार ने संबंधित किसानों से नुकसान के दावे प्राप्त करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का निर्णय लिया।

## दयालु योजना के 2286 लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर की 86.93 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की हर गरीब परिवार को सामाजिक व आर्थिक रूप से उन्नत बनाने की सोच है। इसके लिए मुख्यमंत्री न सिर्फ निरंतर जन कल्याणकारी योजनाएं बना रहे हैं बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर भी पूरा कर रहे हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वयं डीबीटी के माध्यम से राशि पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ से 2286 लाभार्थियों के खाते में 86.93 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की। उल्लेखनीय है कि अंत्योदय परिवारों में परिवार के कमाने वाले मुखिया की दुर्घटना में मौत हो जाने पर उन्हें ढांढस बंधाने व परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए हरियाणा सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) योजना शुरू की थी।

# सड़क धंसने को लेकर सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सिरसा नगर में बार-बार सड़क धंसने को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, उनका कहना है कि अमृत योजना में घटिया निर्माण कार्य के चलते ऐसा हो रहा है, ऐसे में निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सिरसा नगर में कई सालों से अलग-अलग जगहों पर 20-30 फुट तक सड़क धंसने की अनेक घटनाएं

**जांच की मांग**

- कहा- घटना का मूल कारण साफ तौर पर निर्माण कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार प्रतीत होता है

हो चुकी है, ज्यादातर घटनाएं रानियां रोड पर हुई हैं। इसके नजदीक ही एक और गड्ढा हो गया। यह स्थिति न केवल वाहनों के आवागमन में बाधा बन रही है, बल्कि नागरिकों के जीवन के लिए भी एक बड़ा खतरा उत्पन्न कर रही है। प्रशासन ने आवागमन बंद कर दिया है, परंतु स्थानीय जनता भय और असुविधा में जी रही है। इस घटना का मूल कारण साफ तौर पर निर्माण कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार प्रतीत होता है। पहले जो भी लाइन डाली गई थी उसमें भी धांधली की गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा को एआई हब बनाने के लिए मंत्रीमंडल ने दी परियोजना को मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2025-2028 की अवधि के लिए हरियाणा एआई विकास परियोजना (एचएआईडीपी) को मंजूरी दी गई, जिस पर 474.39 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्रिमंडल ने बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एक विशेष प्रयोजन संस्था के गठन को भी मंजूरी दी। एचएआईडीपी की परिकल्पना हरियाणा को एआई-सक्षम विकास के लिए राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक हस्तक्षेप के रूप में की गई है। इस परियोजना को तीन वर्षों (2025-2028) की अवधि में विश्व बैंक से तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है। इस पर कुल खर्च 474.39 करोड़ रुपये होगा, जिसमें विश्व बैंक और हरियाणा सरकार के बीच 70:30 का वित्त पोषण अनुपात है। हरियाणा एआई विकास परियोजना (एचएआईडीपी) के प्रमुख घटकों में गुरुग्राम में ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर (जीएआईसी) और पंचकूला में हरियाणा एडवांस्ड कंप्यूटिंग फैसिलिटी (एचएसीएफ) जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की स्थापना शामिल है। यह परियोजना एआई, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस में 50,000 से अधिक पेशेवरों के लिए कौशल विकास और कार्यबल परिवर्तन पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। अतिरिक्त उद्देश्यों में सार्वजनिक प्रशासन और डेटा-संचालित सेवा वितरण में एआई का एकीकरण, इनक्यूबेशन, मेंटरिंग और साझा कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे तक पहुंच के माध्यम से स्टार्ट-अप और आरएंडडी के लिए समर्थन; और एआई डोमेन में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है।
अन्य उद्देश्यों में सार्वजनिक प्रशासन में एआई का एकीकरण और डेटा-आधारित सेवा वितरण, स्टार्ट-अप्स और अनुसंधान एवं विकास को प्रारंभिक सहायता, मार्गदर्शन और साझा कंप्यूटिंग संरचना तक पहुंच के माध्यम से समर्थन, और एआई क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। यह परियोजना प्रोग्राम-फॉर-रिजल्ट्स वित्तपोषण साधन को अपनाएगी, जिसमें फंड संवितरण को संवितरण-लिंक्ड इंडिकेटर्स (डीएलआई) की उपलब्धि से जोड़ा जाएगा, जिसे एक नियुक्त एजेंसी द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया जाएगा।
बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना की जाएगी। एसपीवी के गठन को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली स्थायी वित्त समिति (एसएफसी-सी) द्वारा 17 अप्रैल, 2025 को मंजूरी दी गई थी। एसपीवी एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में काम करेगी, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव होंगे। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एसपीवी के निगमन से संबंधित सभी तौर-तरीकों और प्रक्रियाओं के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार नोडल एजेंसी के रूप में हारट्रॉन काम करेगी।

### मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025-27 के लिए आबकारी नीति को दी मंजूरी

चंडीगढ़ः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2025-27 के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दी गई। इस नीति में प्रमुख संरचनात्मक सुधार करते हुए आबकारी नीति वर्ष को अब वित्त वर्ष के साथ जोड़ा जाएगा। यह नीति 12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक यानि 21.5 महीनों के लिए लागू होगी, जिसके बाद भविष्य की सभी नीतियाँ अप्रैल से मार्च वित्त वर्ष के अनुसार संचालित होंगी। इस नीति के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने 14,064 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2024झ25 में आबकारी एवं कराधान विभाग ने 12,650 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 12,700 करोड़ रुपये का संग्रहण कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस नीति के तहत अब जिन गांवों की आबादी 500 या उससे कम है, वहां कोई भी उप-विक्रय केंद्र (सब-वेंड) स्थापित नहीं किया जाएगा। यह कदम जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# पानी पर पंजाब ओछी राजनीति न करे: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी के मुददे पर पंजाब ओछी राजनीति कर रहा है। इससे पहले भी एसवाईएल मुद्दे पर पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को दर किनार किया। पानी प्राकृतिक स्त्रोत है और यह देश की धरोहर है। आज भी हरियाणा के हिस्से का पीने का पानी न देने पर मान सरकार ने पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया, जो अनैतिक है और भारतीय संघीय ढांचे के खिलाफ है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक के उपरांत पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि आज पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव सिख समाज के दसो गुरूओं द्वारा दिखाए मार्ग के खिलाफ है। मान सरकार को गुरूओं के वचन को निभाना चाहिए और बिना शर्त पानी छोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व आप पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बाबा साहिब के पवित्र सविधान का सम्मान करे। सविधान की पुस्तक गांव गांव लेकर घूमते है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव की हरियाणा मंत्रिमंडल ने घोर निंदा की है।

# सीएम ने प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का किया शुभारंभ

## 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को मिलेंगे प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर गरीब व जरूरतमंद के सिर पर छत मुहैया करवाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए आज मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दूसरे चरण के तहत 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांवों में




गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार इस दिशा में कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहाँ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों को प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं , वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत पहले चरण में 61 ग्राम पंचायत और एक महाग्राम पंचायत में ड्रॉ के माध्यम से 4532 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए। आज इस योजना के दूसरे चरण के तहत 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 100 वर्ग गज तथा महाग्राम पंचायत में आवेदकों को 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट दिए जाएंगे।

# अग्निवीरों के शहीद होने पर हरियाणा सरकार देगी 1 करोड़ अनुग्रह राशि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में युद्ध में शहीद हुए सैनिकों (अग्निवीर) के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि तथा हरियाणा के वीरता/विशिष्ट पुरस्कार विजेताओं (अग्निवीर) को एकमुश्त नकद पुरस्कार देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार युद्ध में शहीद हुए डिफेंस तथा पैरामिलिटरी फोर्सिज सैनिकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करती है तथा अब अग्निवीरों को भी यह लाभ देने का निर्णय लिया है।
वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने चार वर्ष की अवधि के लिए तीनों सेवाओं (सेना, नौसेना और वायु सेना) में अग्निवीर (अधिकारी रैंक कैडर से नीचे) के रूप में पुरुष और महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के अग्निवीर के रूप में नामांकित किया जाता है।
अग्निवीरों का पहला बैच अगस्त 2023 में सशस्त्र बलों में शामिल हुआ था। अब तक पिछले दो वित्तीय वर्षों, 2022-23 और 2023-24 में हरियाणा के सभी जिलों से कुल 5120 अग्निवीरों की भर्ती हुई थी। इसके अलावा 2024-25 के दौरान, हरियाणा से लगभग 2000 अग्निवीरों की भर्ती हुई है।

### "पंडित लख्मीचंद कलाकार सामाजिक सम्मान योजना" नामक नई योजना लागू करने को दी मंजूरी

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने "पंडित लख्मीचंद कलाकार सामाजिक सम्मान योजना" नामक एक नई योजना लागू करने का निर्णय लिया है।
इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ कलाकारों और लोक विधाओं के कलाकारों की वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है, जिन्होंने अपने सक्रिय जीवन के दौरान कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है या जो अभी भी इस क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं, लेकिन वृद्धावस्था के कारण अब सक्रिय रूप से अपनी कला का अभ्यास नहीं कर रहे हैं।
मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

# पानी का मामला चढ़ गया है राजनीति की भेंट: रामपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सोमवार को पंजाब द्वारा हरियाणा को भाखड़ा का 9 हजार क्यसेक पानी न दिए जाने और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा भाखड़ा के गेट पर गैरकानूनी तरीके से ताला जडने व पुलिस की तैनाती करने के विरोध में इनेलो पार्टी ने सडकों पर उतर कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिकात्मक शव यात्रा भी निकाली। अंबाला जोन के 7 जिलों कैथल में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान शेर सिंह बडशामी, अंबाला में प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह, पानीपत में विधायक अदित्य देवीलाल, करनाल में महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला और पंचकुला में सतबीर सैनी की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सभी उपायुक्तों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में


**साधा निशाना**

- केंद्र और पंजाब सरकार राजनीतिक लाभ लेने के लिए एक सोची समझी रणनीति के तहत मिले हुए हैं: अदित्य

इनेलो के पदाधिकारियों, कार्यकताओं समेत भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कल 6 मई को हिसार जोन के 7 जिलों और परसों 7 मई को गुरुग्राम के 8 जिलों में भी प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य चौटाला, महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, प्रधान महासचिव प्रकाश भारती सहित बड़े नेताओं की अगुवाई में अलग-अलग जिलों में किया जाएगा प्रदर्शन और डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन। रामपाल माजरा ने कहा कि दिल्ली में लोगों ने आम आदमी पार्टी का सफाया कर दिया है।

# 'मान सरकार जानबूझकर पैदा कर रही जल संकट'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक नहीं बल्कि पंजाब सरकार द्वारा जल संकट पैदा किया जा रहा है। उनका यह कदम पूरी तरह संघीय ढांचे के विपरीत, असंवैधानिक, अनैतिक और अमानवीय है। किसी भी प्रदेश सरकार के पास, दूसरे प्रदेश के पानी को रोकने का अधिकार नहीं है। हरियाणा कोई अतिरिक्त मात्रा नहीं बल्कि सिर्फ अपने हक का पानी मांग रहा है, जो लगातार कई साल से उसे मिलता आ रहा है। लेकिन पंजाब सरकार अपनी



राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए बेवजह हरियाणा के साथ तनाव पैदा कर रही है।
\हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल बंटवारे के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने पूर्ण समर्थन का ऐलान किया है। प्रदेश सरकार अगर हरियाणा के हक में कोई भी उचित कदम उठाएगी तो कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। साथ ही कांग्रेस ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग करी है। कांग्रेस चाहती है कि जनता को जल संकट से बचाने के लिए पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जाना चाहिए। इसके लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की प्रधानमंत्री से मुलाकात करवानी चाहिए। केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बॉर्ड यानी बीबीएमबी के तमाम बड़े पदों पर पंजाब के अधिकारी बैठे हैं और हरियाणा सरकार की पैरवी करने वाला कोई नहीं है।

# धन शोधन मामले में कांग्रेस के पूर्व विधायक छौक्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सोमवार को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को रविवार रात सूचना मिली थी कि छौक्कर दिल्ली के फाइव स्टार होटल शांगरी-ला में मौजूद हैं। छौक्कर को पकड़ने के लिए गुरुग्राम जोन के अधिकारियों की टीम बनाई गई। प्रवर्तन निदेशालय ने इस ऑपरेशन का नाम 'धप्पा' रखा था। टीम जब होटल में पहुंची तो छौक्कर टहल रहे थे। भीड़ होने की वजह से वह भाग नहीं पाए और टीम ने उन्हें काबू कर लिया। छौक्कर 1500 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार चल रहे थे। कुछ दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी 44.55 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी माने जाने वाले छौक्कर की कंपनी साई आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को गुरुग्राम में घर देने के बदले करोड़ों रुपए ले लिए। बाद में उन्होंने न लोगों को घर दिया और न ही पैसे लौटाए। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। धर्म सिंह छौक्कर, उनके बेटे सिकंदर और विकास की कंपनी साई आइना फॉर्म्स (अब माहिरा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड), सीजर बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और माहिरा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने किफायती आवास योजना निकाली थी जिसके तहत हजारों खरीदारों को गुरुग्राम के सेक्टर 68, सेक्टर 103 और सेक्टर 104 में मकान उपलब्ध कराने का वादा किया गया। इसके बदले उनसे लगभग 616.41 करोड़ रुपए ले लिए गए। इसके बावजूद लोगों को घर नहीं दिए गए। बाद में पता चला कि घर खरीदारों से एकत्र की गई रकम को इन्होंने निजी लाभ के लिए खर्च कर दिया।

# नायब सरकार का गरीब कल्याण के लिए आर्थिक सहायता का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रोएक्टिव मोड में है। विभिन्न सामजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के पात्र लोगों की पेंशन अपने आप ही बना दी जाती है , लोगों को पहले की तरह दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय , चंडीगढ़ में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आयोजित "वित्तीय सहायता वितरण समारोह" में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित थे।
इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजस्व




एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा , कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू , सामाजिक न्याय , अधिकारिता ,अनुसूचित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी.अनुपमा , मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता,मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार , सूचना ,जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह से राज्य के विभिन्न जिलों से उपायुक्त भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर एक क्लिक से विभिन्न सामजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 24695 नए लाभार्थियों को उनकी पहली पेंशन सीधी उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की। इन सभी लाभार्थियों को कुल 7.48 करोड़ रुपए की राशि भेजी गई। मुख्यमंत्री ने सभी नए लाभार्थियों को बधाई दी। ज्ञात रहे कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से वित्तीय सहायता /भत्ता प्रदान किया जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों से पेंशन के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे।
अप्रैल माह 2025 में इन योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत 24695 नए लाभार्थियों को कुल 7.48 करोड़ रुपए की पेंशन राशि आज मुख्यमंत्री द्वारा उनके खाते में भेज दी गई है। अब प्रदेश में इन पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या 35,16,814 हो गई है तथा प्रति माह 1060.16 करोड़ रुपए की पेंशन राशि दी जाएगी।

**राशि जारी की**

- मुख्यमंत्री ने एक क्लीक से 24695 लाभार्थियों के खातों में 7.48 करोड़ रुपए की राशि की जारी

# भाजपा ने "मनोहर रक्तदान शिविर" लगाकर मनाया केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ किया रक्तदान

रक्तदान

बता दें कि दोपहर तक इस रक्तदान शिविर में सैंकड़ों रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन हरियाणा में भाजपा ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। पूरे हरियाणा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाकर केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन मनाया। इसी कड़ी में अंबाला में भी भाजपा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में



रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें पूरे जिले से भाजपा कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ रक्तदान करने पहुंचे। बता दें कि दोपहर तक इस रक्तदान शिविर में सैंकड़ों रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल और पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मुख्य रूप से शिरकत की। पूर्व मंत्रियों ने रक्तदान कर रहे रक्तदाताओं से मुलाकात कर व प्रशंसा पत्र देकर रक्तदान करने वाले कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि पर्ची खर्ची को खत्म करके मैरिट के आधार पर नौकरियां देने का व्यवस्था परिवर्तन हरियाणा में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ही किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में परिवारवाद, भाई भतीजावाद,क्षेत्रवाद का बोलबाला था, लेकिन पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आते ही हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दिया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर ब्लड कैंप आयोजित करने का उद्देश्य समाज में सेवा भाव का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। क्योंकि यह एकमात्र ऐसी चीज है जिसे किसी फेक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। रक्तदान की अहमियत को समझते हुए सभी नागरिकों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनदीप राणा,जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी सैनी,पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी,मंडल अध्यक्ष अमन सूद,गुरविंदर सिंह,गुरजंट सिंह,मनीष आनंद,धर्मवीर गुज्जर,विक्रम राणा,हरजिंदर पाल,संजीव सैनी,नीरज शर्मा,कुलदीप बड़ौला,डिंपल कृष्ण राणा,गुलशन डाबर,मेयर शैलजा सचदेवा,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा,शोभा पुनिया,मोनिका मल,बीनू गर्ग व भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी,गुरप्रीत सिंह साहनी,जसविंदर उगाड़ा,अभय जैन,गुरजीत कश्यप व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदान की जरूरतमंद लोगों को मदद

वीडियो कांफ्रेंसिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है उन्हें सहायता प्रदान की गई है



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0, दयालु योजना व आगजनी से फसल नुकसान के मुआवजा के तहत करोड़ों रुपए की आर्थिक मदद जरूरतमंद लोगों को प्रदान की। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया की सरकार की योजनाओं को जिले के नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि सरकार की सोच हर जरूरतमंद को लाभ दिलवाने की रही है। किन्हीं कारणों से जिन लोगों की फसल आगजनी का शिकार हुई उन्हें भी सुरक्षा के तहत लाभ पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली योजना के अलावा कैंसर बिमारी से पीड़ित लोगों को भी सहायता प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन किसानों की फसल आगजनी का शिकार होकर नष्ट हुई है उन्हें सहायता प्रदान की गई है। यह सर्वे के बाद जिन लोगो के नाम आए उन लोगों को बीज और खाद का प्रावधान भी किया है।

उपायुक्त विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि राज्य सरकार के सभी योजनाओं का जिले के लोगों को पात्रता के हिसाब से दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि बुढ़ापा पैंशन, लाडली पैंशन, के जो पात्र हैं उन्हें पात्रता के आधार पर सरकार की योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह,निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, कृषि विभाग के एसडीओ देवेंद्र कुहाड़ के अलावा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद है।

# ऑनलाइन कस्टमर केयर नम्बर सर्च करते समय रहें सवधानः नीतीश अग्रवाल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने साईबर अपराध के सम्बन्ध में एडवाइजरी हुए कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में कम्पयुटर व मोबाईल के प्रयोग से कार्य करनें में तीव्रता आई है। तकनीक के युग में घर बैठकर कार्य करने की सुविधा व अन्य सुविधाएं मिली हैं परन्तु इस तकनीक फायदा उठाकर कुछ साईबर ठग साईबर क्राईम को अंजाम देते हैं। साईबर धोखाधडी से बचने के लिए खुद को जागरुक रखें क्योंकि साईबर ठगों बचने के लिए, जागरुकता ही एक मात्र उपाय है।



पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि ऑनलाइन एप (गुगल पे, फोन पे, पेटीएम) आदि इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें क्योंकि पैसे का लेन-देन करते समय धोखाधडी हो सकती है। साईबर ठग आपको फोन कर-के कहते हैं कि उसने आपको गुगल-पे या फोन-पे पर पैसा ट्रांसफर कर दिया है। जब आप एप को ओपन करके देखते हैं तो उसमें पैसे एक्सैप्ट से सम्बन्धित लिंक होता है जिस पर आप क्लिक करके अपना पिन डालते हैं जिससे आपके खाते से पैसे कट जाते हैं। इस प्रकार के किसी भी लिंक पर क्लिक ना करें और किसी व्यक्ति के द्वारा कहने पर किसी भी प्रकार की रिमोटली एप (एनी डेस्क, टीम व्युवर) इन्सटाल ना करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साईबर ठग अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ धोखाधडी करते हैं। जब भी आप किसी संस्था या कम्पनी का नम्बर सीधा गुगल पर जाकर सर्च करते हैं और वहां मौजूद मोबाईल नम्बर पर आप कॉल करते हैं जो किसी साईबर ठग का हो सकता है। जब आप उस नम्बर पर बात करते हैं तो और वह आपके साथ आपके फायदे की बात करेंगें और आपकी सहायता के लिए आपको भरोसा भी दिलवायेंगें।

वो आपको बातों में उलझाकर आपसे ठगी करते हैं इसलिए सीधा गुगल पर सर्च करने की बजाए कम्पनी या संस्था की वेबसाईट पर जाकर ही फोन नम्बर प्राप्त कर बातचीत करें। इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति आपको फोन के द्वारा आपके फायदे के लिए बात करता है तो इस प्रकार के व्यक्ति से सावधान होकर बात करें

## यमुना हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है : नवीन जिन्दल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः**

सांसद नवीन जिन्दल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट करके, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यमुना नदी को स्वच्छ, अविरल एवं जीवनदायिनी बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मिशन में अपनी ओर से इस महत्वपूर्ण मिशन से जुड़ने की इच्छा जताई। सांसद नवीन जिन्दल ने यमुना नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यमुना नदी हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में सामुदायिक भागीदारी और जन-जागरूकता बेहतर परिणाम ला सकती है।

## गौशाला में गौमाताओं को चारा, गुड़, दलिया खिलायाःविकास गोभक्त



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत

सोनीपत कामी रोड पर स्थित गौशाला में मई के प्रथम रविवार को सर्वप्रथम बीमार गौमाताओं के बाड़े में गोबर उठाया, झाड़ू लगाया, पानी पिलाया, शाम का चारा निकाला , गौमाताओं की कमर पर खुर्रा फेरा तथा हरा चारा डाला इसके उपरांत सामान्य गौमाताओं को हरा चारा गुड़, दलिया खिलाया अर्पित सिंह युवा समाजसेवी ने सभी को संदेश दिया कि गौमाताओं की सेवा करने से परिवार में सुख शांति व समृद्धि प्राप्त होती है । गीता हिंदी अध्यापिका सभी महिलाओं को संदेश देते हुआ कहा है कि खाना बनाते समय प्रथम रोटी गाय की तथा अंतिम रोटी कुत्ते की निकालना चाहिए। जो महिला इस प्रकार का कार्य करती हैं उनका स्वास्थ्य हमेशा अच्छा रहता है और घर में बरकत भी होती है। दिलबाग सिंह हिंदी प्रवक्ता अवकाश के दौरान अपने परिवार के साथ गौशाला में जाते हैं हमें अपने परिवार के साथ मिलकर मूक प्राणियों की सेवा करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी रोड समालखा में विश्व हास्य दिवस मनाया गया



टीम एक्शन इंडिया
समालखा 5 मई ( कुलदीप सिंह )

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी रोड समालखा में विश्व हास्य दिवस मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों और अध्यापकों ने हंसी के खूब ठहाके लगाए। क्योंकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि हंसना सबसे अच्छी दवा है, जीवन की भाग- दौड़ और परेशानियों के बीच एक मुस्कान ही ऐसी चीज है जो हमें अंदर से खुश और स्वस्थ बनाए रखती है। इसलिए हंसी के महत्व को समझाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इस विशेष दिन पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने बताया कि हर दिन को मुस्कान से शुरू करो, जिंदगी आसान लगने लगने लगेगी। हंसी दर्द मिटा देती है और दिल को सुकून देती है -यह कहते हुए सभी को हंसी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और अंत में कहा कि -आज हंस लो दिल खोलकर, कल की चिंता छोड़कर ।

### दिल्ली पहुंचकर बिप्लब देब से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया चंडीगढ़



हरियाणा के कर्मशील मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर भाजपा के कद्दावर नेता, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब से मुलाकात की। यह मुलाकात श्री देब के निवास पर हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच करीब आधा घंटे तक राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई।

बिप्लब देब के निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसद बिप्लब देब का पटका पहनाकर और बुके देकर उनका सम्मान किया, तो वहीं श्री देब ने भी अपने आवास पर पहुंचने पर सीएम सैनी का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। बिप्लब देब ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को मिठाई भी खिलाई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिप्लब कुमार देब के बीच करीब आधा घंटा राजनीतिक विषयों पर बातचीत हुई। मुलाकात के बाद बिप्लब देब ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से समृद्धि और प्रगति की ओर अग्रसर है। देश के कद्दावर नेताओं और भाजपा के रणनीतिकार नेताओं में सुमार बिप्लब देब ने कहा कि नायब सैनी कर्मशील व्यक्तित्व के धनी है और वे हरियाणा की जनता के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। बिप्लब देब ने नायब सैनी की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा के दुलारे हैं और प्रदेश की जनता भी नायब सरकार के कार्यों से खुश हैं।

## बराड़ा में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गांव सीम्बला, तहसील बराड़ा में लगभग 15 एकड़ ( कॉलोनी न0 1 खसरा नं0 17//13, 14, 15/2, 16, 17, 18, 19/1, 22, 23, 24/1, 24/2, 29//2, 16//11/1, 20, 21, 12/2, 19 कॉलोनी न0 2 खसरा नं0 17//13, 14, 15/2, 16, 17, 18, 19/1, 22, 23, 24/1, 24/2, 29//2, 16//11/1, 20, 21, 12/2, 19) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों में बनी कच्ची सड़कों के जाल तथा नीव को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, डयूटी मैजिस्ट्रेट कम अभिषेक (कनिष्ठ अभियंता) व सानु रमन (कनिष्ठ अभियंता ) भारी पुलिस दल के



साथ उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक/प्रोपर्टी डीलर में कॉलोनी के रेगुलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी अवैध कालोनियों/अवैध निमार्णो के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्यवाही जारी रहेगी।

## अधिकारी जन समस्याओं का समाधान कर्तव्य समझ कर करें

निर्देश

अधिकारी समस्याओं के समाधान में और लाएं तेजीः उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

राज्य सरकार के आम व्यक्ति से जुड़े बड़े कार्यक्रम जनता समाधान शिविर में सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि अधिकारी जन समस्याओं का समाधान अपना कत्र्तव्य समझ कर करें। उसे किसी भी तरह से बोझ ना समझे। जिले के नागरिक समाधान शिविर में विशेष उम्मीद को लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हे निराश ना करें। निगम संयुक्त आयुक्त ने विभिन्न विभागों से जुड़ी 28 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना



व संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो लोग समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं, हमें उनके दुख-दर्द को समझ कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। निगम संयुक्त आयुक्त ने कहा कि यह जनता समाधान शिविर पूरी तरह से जनता से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। इसमें ज्यादातर लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं, जो बहुत ज्यादा जरूरतमंद हैं। उन्हें किसी भी तरह से निराशा न हो, इसका हमें ध्यान रखना है। समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या का जल्द से जल्द निदान हो। इस पर मंथन व चिंतन करके कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समस्याएं लेकर जो लोग समाधान शिविर में पहुंच रहे है, उनकी हर समस्या की पहले जांच करें। उसके पश्चात उसे गम्भीरता से हल करें। जिला परिषद की सीईओ डॉ.किरण सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समाधान शिविर में अधिकारी समय पर पहुंचें। जो लोग शिविर मे अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं, उसमें नकारात्मकता को दूर रखकर अपने बौद्धिक कौशल का परिचय देकर समस्याओं का समाधान करें।

पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने विभाग से जुड़ी अनेक समस्याओं का मौके पर निदान किया व सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिये की व थाने में आने वाली समस्याओं का भी साथ ही साथ समाधान करें। उन्होंने समाधान शिविर में सोमवार को पहुंची अनेक समस्याओं का तत्काल निदान किया।जनता समाधान शिविर में पुलिस विभाग, क्रीड विभाग, पेंशन विभाग और अन्य कई विभागों की समस्याओं की उपायुक्त ने सुनवाई कर समाधान के निर्देश दिए। प्रार्थी बलबीर सिंह वासी पानीपत ने प्रशासन से दिव्यांग पैंशन बनवाने का अनुरोध किया। निगम संयुक्त-आयुक्त ने डीएसडब्ल्यूओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी महेन्द्र वासी कालखा ने प्रशासन से अपील की कि वह मजदूरी करके अपनी जीविका चलाता है।

## रक्तदान महादान, रक्तदान करने से शरीर में नई ऊर्जा का होता है संचारः सुमन सैनी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/बाबैनः** हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आए इससे बड़ी कोई बात नहीं हो सकती है।

हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी सोमवार को बाबैन मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशाल



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले महान होते हैं जोकि दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास करते हैं। ब्लड बैंक में हमेशा पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे तथा लोगों को जरूरत पड़े पर आसानी से रक्त मिल सके, इसके लिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के पश्चात ९० दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है। इसलिए लोगों को रक्तदान करने से कभी घबराना नहीं चाहिए और रक्तदान कर लोगों की जान बचानी चाहिये, क्योंकि रक्तदान से ही हम एक-दूसरे की मदद कर लोगों की जान बचा सकते हैं।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बारे में कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की पारदर्शी सोच के कारण उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल में बिना खर्ची-बिना पर्ची युवाओं को सरकारी नौकरी उनकी काबिलियत पर मिल रही है, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच है कि अन्त्योदय की भावना से काम करें तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी हर योजना का उसकी जरूरत के अनुसार लाभ मिल सके। मनोहर लाल सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर हरियाणा प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा प्रदेश को एक नई दिशा दी तथा प्रदेश के हर वर्ग को लाभ पहुंचे इसके लिए कई विकासात्मक योजनाओं की शुरूआत की।

हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन की सभी को बधाई दी और कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है, उनकी सकारात्मक और पारदर्शी सोच के कारण हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर है जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, लाडवा नगर पालिका चेयरमैन साक्षी खुराना, बाबैन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, पिपली मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, गुढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, डा. गणेश दत्त, पूनम सैनी, परमजीत कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कार्य में रुचि ले अधिकारीः डॉक्टर किरण सिंह

टीम एक्शन इंडिया पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने सोमवार को कार्यालय में अधिकारियों,कर्मचारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिला परिषद सीईओ ने जिले में संचालित की जा रही हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं के बारे में भी समीक्षा की और तीव्रता से योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए।

डॉक्टर किरण सिंह ने बताया कि अधिकारियों को योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए, और कार्य करने की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में संचालित की जारी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करना है ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

इस मौके पर डिप्टी सीईओ कंचन लता व अन्य सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# जातिगत नगणना...यह महज आंकड़ों की लड़ाई

**जातिगत** जनगणना पर जो बहस चल रही है...वो महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं है। ये असल में भारत के सामाजिक ढांचे को समझने और फिर उसे नए सिरे से गढ़ने की एक बड़ी कोशिश है। अब जो लोग इसका समर्थन करते हैं-उनका ये मानना है कि इससे पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों की सच्चाई सामने आएगी। उनकी शिक्षा कैसी है, उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कितना है-ये सब कुछ पहली बार साफ-साफ दिखेगा। और जब तस्वीर साफ होती है, तभी नीति भी ठोस बनती है। सरकार के पास आधार होगा-ताकि जो वंचित हैं, उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक मदद दी जा सके।

**अब जरा पीछे चलते हैं...**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जाति पर सोच हमेशा एक जैसी नहीं रही। जब जनसंघ से निकलकर भाजपा बनी थी-तब उस पर साफ लेबल लगा था: 'ब्राह्मण-बनियों की पार्टी'। ऊंची जातियों की पार्टी। सत्ता से दूर और जमीन के मिजाज से भी थोड़ी कटी हुई। लेकिन 1985 में पहली बार पार्टी के भीतर गहरी सोच का मंथन शुरू हुआ। एक प्रस्ताव पास किया गया-मंडल आयोग की सिफारिशों का समर्थन करने का। ये पहली बार था जब भाजपा ने माना कि अगर इस देश में राजनीति करनी है, तो ओबीसी और दलित समाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मगर तभी देश में एक और लहर उठी-राम मंदिर आंदोलन की। यहां से कमंडल बनाम मंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा वापस हिंदुत्व के पथ पर लौट आई। जाति का विमर्श पीछे चला गया और आस्था का आंदोलन केंद्र में आ गया।

**फिर आया 2014 का दौर**

नरेंद्र मोदी की सरकार। और यहां से भाजपा की सोच में असली, ठोस और दूरगामी बदलाव शुरू हुआ। मोदी खुद ओबीसी पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने बहुत जल्दी पहचान लिया कि हिंदू समाज का जो सबसे बड़ा हिस्सा है वो आज भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व में पीछे है। इसके बाद जो-जो कदम उठे, वो सिर्फ नीतियां नहीं थीं, वो एक लंबी सामाजिक रणनीति का हिस्सा थीं। 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ी अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देना, उसी संतुलन की कोशिश थी। अब भाजपा के पास दो आधार थे-एक तरफ ओबीसी को सम्मान और दूसरी तरफ अगड़ों को सुरक्षा। अब जब जातिगत जनगणना की बात आई, तो मोदी ने इसे सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं माना। उन्होंने इसे राष्ट्र-निर्माण के औजार की तरह देखा।

**तो अब जो हो रहा है...**

वह केवल एक जनगणना नहीं है। यह असल में हिंदू समाज के पुनर्गठन की योजना है। एक दूरदर्शी, ठोस, और सधी हुई रणनीति है। प्रधानमंत्री मोदी का यह फैसला आरक्षण की राजनीति को भी एक नया आधार देगा। अब बहसें भावनाओं पर नहीं, तथ्यों पर होंगी। नीतियां अब जातीय जनसंख्या के अनुपात पर टिकी होंगी। और यही वह जगह है...जहां नरेन्द्र मोदी आज वीपी सिंह से एक कदम आगे जाते हैं।

# मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर व्यक्त की जा रही चिंता



**रमेश सर्राफ धमोरा**

"हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।"

**आज** दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आए। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके। स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंसान जब तक स्वस्थ रहता है तब तक उसमें कार्य करने की क्षमता बनी रहती है। जब वह अस्वस्थ होने लगता है तो उसके कार्य करने की क्षमता भी कमजोर पड़ने लगती है। इसीलिए हमारे बुजुर्ग कहा करते थे कि पहला सुख निरोगी काया। यानी शरीर स्वस्थ रहने पर ही सबसे पहला सुख मिलता है। आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी ने किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरूआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर



स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर 1 में रखता है। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सकी है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगी उस देश के लोगों कि औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है। भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है। भारत में डॉक्टर और आबादी का अनुपात भी संतोषजनक नहीं है।

हमारे देश में 1000 लोगों पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में बिस्तर की उपलब्धता भी काफी कम है और केवल 28 प्रतिशत लोग ही बेहतर साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं। पिछले कुछ सालों में हमारे देश में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रभाव बढ़ा है। साथ ही मधुमेह, हृदय रोग, क्षय रोग, मोटापा, तनाव की चपेट में भी लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर का खतरा बढ़ा है। ये बीमारियां बड़ी तादाद में उनकी मौत का कारण बन रही हैं। ग्रामीण तबके में देश की अधिकतर आबादी उचित खानपान के अभाव में कुपोषण की शिकार हो रही है। महिलाओं, बच्चों में कुपोषण का स्तर अधिक देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रति 10 में से सात बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। वहीं महिलाओं की 36 प्रतिशत आबादी कुपोषण की शिकार है।

भारत में इलाज पर अपनी जेब से खर्च करने वाले पीड़ित लोगों की संख्या ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। भारत की तुलना में इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से अधिक खर्च करने वाले लोगों का देश की कुल जनसंख्या में प्रतिशत श्रीलंका में 2.9 फीसदी, ब्रिटेन में 1.6 फीसदी, अमेरिका में 4.8 फीसदी और चीन में 17.7 फीसदी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अभी भी बहुत से लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आबादी का 3.9 फीसदी यानी 5.1 करोड़ भारतीय अपने घरेलू बजटा का एक चौथाई से ज्यादा खर्च इलाज पर ही कर देते हैं। जबकि श्रीलंका में ऐसी आबादी महज 0.1 फीसदी है, ब्रिटेन में 0.5 फीसदी, अमेरिका में 0.8 फीसदी और चीन में 4.8 फीसदी हैं। इलाज पर अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा खर्च करने वाली आबादी का वैश्विक औसत 11.7 फीसदी है। इनमें 2.6 फीसदी लोग अपनी आय का 25 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इलाज पर खर्च करते हैं और दुनिया के करीब 1.4 फीसदी लोग इलाज पर खर्च करने के कारण ही अत्यंत गरीबी का शिकार हो जाते हैं। देश के ग्रामीण अंचल में जब तक सही व समुचित स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध नहीं हो पायेगी तब तक भारत में सबको स्वास्थ्य की योजना पूरी नहीं हागी। आज देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की स्थिति बड़ी भयावह है। आये दिन समाचार पढाने को मिलते हैं कि एम्बुलेन्स के अभाव में मृतक को साईकिल पर बांधकर घर तक लाना पड़ता है।

## कविता

### मां में ही ईश्वर

मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए।

मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।

फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।

फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है

संजीव

# सांस्कृतिक विकास का आधार हमारा समाज

**बांके बिहारी पाठक**

समाज शब्द का प्रयोग आमतौर पर हमारे आस-पास चल रहे कुरीतियों को जिम्मेदार ठहराने के लिए किया जाता है। कोई भी कार्य शुरू करने से पहले सोचा जाता है कि समाज क्या सोचेगा? चाहे वो काम बच्चों को बाहर पढ़ने भेजना हो, शादी करनी हो, घर में कुछ आयोजन करना हो, लड़की की उच्च शिक्षा की बात हो या फिर लड़के के रोजगार की बात हो, तब यह सवाल मन में आता है कि सामाजिक रूप से ये काम ठीक तो है न? कहीं कोई इसमें कमियां तो नहीं निकालेगा? ऐसे कई तरह के सवाल दिमाग में घूमते रहते हैं। यानी हमारे बीच के बुराइयों का पहला चेहरा समाज को ही माना जाता है। जबकि इसकी परिभाषा ऐसी कल्पना से पृथक है।

समाज हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, जिसका निर्माण व्यक्तियों को संगठित करने, सहयोग करने तथा सभ्यता के विकास के लिए होता है, जो अनेक रूपों में हमारे जीवन में विद्यमान है, जैसे समाज हमें हमारे दायित्वों का बोध कराता रहता है। शिष्टाचार, एकता की शक्ति, आपसी सामंजस्य, कर्तव्य, और अनुशासन में रहना सिखाता है। अर्थात पृथ्वी पर जीव उत्पति के बाद समाज की भूमिका से ही इंसान बाकी जीवों से इतना अग्रणी हो पाया है। अगर मानव जाति में समाज के रूप में एकजुटता की ताकत नहीं होती तो इसका आधुनिक होना आसान नहीं हो पाता।

मनुष्य की औसत आयु लगभग 80 साल की होती है, जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु तक अलग-अलग धर्मों के अनुसार संस्कार होते हैं। इन सभी संस्कारों में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिससे आपस में अटूट व्यवहार बना रहता है। माहौल खुशनुमा रहता है। परिणामस्वरूप मानव जीवन के अवसाद भी काफी हद तक कम हो जाते हैं। समाज इंसान के जीवन की कठिनाइयों को कम कर देता है। इसमें एक ऐसी संरचना विकसित हो चुकी है जो किसी जरूरतमंद की मदद आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप में करती रहती है। हम शादी-विवाह में एक दूसरे की मदद पैसे के लेन-देन, वस्तुओं का आदान-प्रदान, शारीरिक मेहनत तथा समय का योगदान देते देख सकते हैं। कृषि संबंधित कार्यों में भी सामाजिक सहयोग देखने को मिलता रहता है। आपस में एकजुट होकर बीज की बुआई, फसल की कटाई मिल-जुल कर करते हैं। किसी के मृत्यु के पश्चात या बीमारी के दौरान समाज की उपस्थिति के महत्व का पता चलता है, जब लोग एक-दूसरे के दुःख को समझने और उससे उबरने हर संभव प्रयास करते हैं। आर्थिक और भावनात्मक सहयोग करते हैं। जहां समाजिक एकता और सशक्तिकरण परिभाषित होता है।

हम सभी ने अपने आसपास कई सामाजिक संस्थाओं को काम करते देखा है जो विभिन क्षेत्रों में अपने सराहनीय योगदान देते हैं।

## विचार

# संघर्षशील व्यक्तित्व, बेजोड़ राजनैतिज्ञ मनोहर लाल

**सुशील कुमार 'नवीन'**

हरियाणा की राजनीति के चौथे बड़े लाल मनोहर लाल का आज जन्मदिन है। हरियाणा की सत्ता को दो बार संभालने वाले मनोहर लाल खट्टर वर्तमान में केंद्रीय स्तर की राजनीति में बड़ा नाम है। भाजपा के वरिष्ठ और निष्ठावान कार्यकताओं में उनका नाम विशेष रूप से लिए जाता है। वर्तमान में मोदी सरकार में केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री के रूप में दायित्व संभाले हुए है। मूल रूप से रोहतक जिले के निन्दाणा गांव में 5 मई 1954 जन्मे मनोहर लाल का परिवार पाकिस्तान से आकर यहां बसा था। बाद में परिवार ने पास के ही गांव बनियानी में खेती की जमीन खरीद ली और वहीं रिहायश कर ली। विस्थापित परिवारों की तरह इनके परिवार को भी शुरूआत में आजीविका के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जाता है कि उनके पिता और दादा को शुरूआती दिनों में मजदूरी तक करनी पड़ी थी। हर पिता की तरह मनोहर लाल के पिता हरबंस लाल ने भी बेटे को अच्छी शिक्षा प्रदान की। वो तो चाहते थे कि पढ़ाई के साथ साथ खेती में भी उनका सहयोग कर इसे आगे बढ़ाए। पर उनकी इच्छा चिकित्सा क्षेत्र में जाने की थी। वे एक मेधावी छात्र थे। रोहतक के नेकीराम कॉलेज से पढ़ाई सम्पन्न कर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए एक रिश्तेदार के पास दिल्ली चले गए। उनके उन रिश्तेदार की दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान थी।

एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद बताया था कि रोहतक मेडिकल कॉलेज में एक नंबर से वे चूक गये थे। दाखिला नहीं होने पर उन्होंने एम्स और आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए काफी तैयारी की, लेकिन बात नहीं बन पाई। डोनेशन पर प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन पर परिवार सहमत नहीं था। पिता जी का कहना था कि इतने रुपयों में तो तुम अपना काम शुरू कर सकते हो। इसके बाद पिताजी से 15 हजार रुपए लेकर दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान की शुरूआत की। दिल्ली में रहते-रहते उनका आरएसएस से जुड़ाव हो गया। ऐसा नहीं है कि संघ से जुड़ाव उनका बड़ी आसानी से ही गया। एक कर्मठ स्वयंसेवक के रूप में अपने आपको साबित करने के लिए उन्होंने संघ की रीति नीति का कड़ाई से पालन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई दौरान उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ 1977 में संपर्क हुआ। 1979 में विश्व हिंदू परिषद की सभा में उनकी मुलाकात संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और परिषद के संतों से हुई। धीरे-धीरे संघ के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया। संघ के साथ साथ अपने व्यापार में भी लगातार संघ में सक्रिय रहे। जब संघ के लिए पूरा समय देने का मन बना तो छोटे भाई को व्यापार सौंप निकल लिए। विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए पूर्णकालिक प्रचारक बने। शुरूआत में उनके परिजनों को लगता था कि दो तीन साल में वापस लौट आयेंगे। तीन साल पूरा होने के बाद पिता जी ने अक्सर कहना शुरू कर दिया कि अब घर लौट आओ, लेकिन वह हर बार मना कर देता। मनोहर लाल भाई-बहनों में बड़े थे तो शादी का दबाव भी उन पर बढ़ रहा था। पिता जी को मनाकर छोटे भाई की शादी करा दी। तब मनोहर लाल को लगा कि अब पिता जी समझ जाएंगे कि वो लौटना नहीं चाहता, लेकिन वे लगातार लौटने के लिए कहते रहे। मनोहर लाल जी ने एक बार बताया कि एक दिन उन्होंने कठोर मन से पिता जी से कह दिया कि आपके पांच बेटे हैं। आप नहीं सोच सकते कि आपके पांच नहीं चार ही बेटे हैं। उनके जीवन का एक और बड़ा वाक्या है जो उनकी बेबाकी को दिखाता है।1994 में जगाधरी में संघ शिक्षा वर्ग चल रहा था। अंतिम दिन उस समय के सरसंघचालक रज्जू भैया का सम्बोधन था। इसी दौरान तत्कालीन प्रांत प्रचारक जी मनोहर लाल के पास से गुजरे।

उन्होंने मनोहर लाल से कहा, हम सोच रहे हैं कि आपको भाजपा में संगठन मंत्री के रूप में भेजा जाए। उन्होंने साधारण रूप में कहा तो तो मनोहर लाल भी बोल पड़े कि सीटी आपको दे दूं या प्रार्थना करा लूं। उन्होंने कहा कि इतनी भी क्या जल्दी है। तब मनोहर लाल ने कहा कि जल्दी नहीं है, पर आपको भी ये बात बताने के लिए अभी ही समय मिला था क्या।'


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

**प्रियंका सौरभ**

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहाँ "नेकी कर दरिया में डाल" की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर "नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल" हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है—एक ऐसा मंच जहाँ तालियाँ हैं, टिप्पणियाँ हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को "दृश्य" बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी जरूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं।

सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो—क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झाँकने की जरूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी।

# गाँव का बही-खाता

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

गाँव की चौपाल में एक चौड़े तोंद वाले साहूकार की दुकान थी। दुकान क्या, आर्थिक न्यायालय कहिए, जहाँ गरीबों का कानूनी केस कभी पूरा नहीं होता। उसकी बही-खाता ऐसी थी कि भगवान विष्णु का गरुड़ पुराण भी उसके ब्याज के नियमों के आगे फेल हो जाता। "पंद्रह रुपये लिए थे रामलाल ने, ब्याज जोड़कर चालीस साल बाद चार हजार हो गए!" साहूकार पान चबाते हुए बोलता। रामलाल को याद ही नहीं था कि उसने पैसे लिए भी थे या नहीं, लेकिन "लाल स्याही से लिखा ब्याज" उसे उसके पुरखों से भी ज्यादा डराता था। गाँव के ज्ञानी कहते थे कि "ब्याज का नियम" वैसे ही चलता है जैसे आखिरी बचे हुए समोसे पर मक्खी मंडराती है—खत्म होने ही नहीं देता! साहूकार को गाँव वालों से ज्यादा पैसा बढ़ाने की विधा में विश्वास था। "ब्याज बढ़ता है, जैसे हर साल फसल पर नए कीड़े लगते हैं!" साहूकार का दर्शन था।

**'क्रेडिट कार्ड' बनाम पुराना साहूकार**

फिर आया शहर का बैंकिंग ज्ञान, और गाँव में एक टोली बनी—"क्रेडिट कार्ड ज्ञानियों की टीम"। इन्होंने सोचा कि वे साहूकार की दुकान में घुसकर उसे बताएँगे कि अब मोबाइल बैंकिंग का जमाना है!

"अब तो ईएमआई भी आती है!" बैंक का पढ़ा-लिखा लड़का बोला।

"ब्याज तो अब डिजिटल हो गया!" दूसरा लड़का चिल्लाया।

लेकिन साहूकार मुस्कुराया। उसने अपनी बही खोली और कहा, "एटकसे भी सस्ता ये ब्याज है, जो तुम्हारे परदादा से तुम्हारी अगली पीढ़ी तक चलता रहेगा!"

**गाँव का सच**

गाँव के लोग साहूकार से बचने के लिए नए-नए उपाय निकालते, लेकिन अंततः त्यौहार के समय एक और कर्ज.लेना ही पड़ता। फिर वही चक्र चलता—"लाल स्याही से ब्याज लिखना, और ब्याज से नई पीढ़ी का जन्म लेना!"

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा के हक का पानी बंद करने पर भड़की इनेलो



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में इंडियन नेशनल लोकदल ;इनेलोद्ध कार्यकर्ताओं ने सडकों पर उतरकर पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब ने हरियाणा के हक का पानी बंद कर दिया हैए जिससे किसानए कमेरा वर्ग और महिलाएं पानी के लिए तरस रहे हैं। इनेलो की महिला नेता सुनैना चौटाला की अगुआई में कार्यकर्ता डीसी कार्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

सुनैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा के लोग पानी की एक.एक बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन पड़ोसी राज्य पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की बजाय मंच पर हंस-हंस कर कह रहे हैं कि वे एक बूंद पानी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हम उनका नहीं, बल्कि हरियाणा के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट भी तय कर चुका है। इस प्रदर्शन में शामिल लोगों के लिए गर्मी के चलते व्यापार सेल की तरफ से पानी की छबील भी लगाई गई।

इनेलो नेता सुनैना चौटाला ने आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मंच को कॉमेडी मंच बना दिया है। वे इंसानियत को भूलकर ऐसा बर्ताव कर रहे हैं, जैसे हरियाणा के लोग उनके दुश्मन हों। उन्होंने हाथ जोडकर अपील की कि पंजाब के मुख्यमंत्री राजनीतिक कम करें और गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने की इंसानियत दिखाएं।

सुनैना ने कहा कि हमने हमेशा पंजाब को बड़े भाई का दर्जा दिया है, लेकिन जब वहां के मुख्यमंत्री किसानों की आवाज नहीं उठा सके तो डल्लेवाल जैसे नेता भूख हड़ताल पर बैठे। अब जब कुछ नहीं कर सके तो उन्होंने पानी की राजनीति शुरू कर दी है।

इनेलो के युवा नेता रिंकू चौधरी ने कहा कि पानी के अधिकार की यह लड़ाई नई नहीं है। चौधरी देवीलाल और ओमप्रकाश चौटाला ने इस मुद्दे को हमेशा प्राथमिकता दी और पार्टी के हर कार्यकर्ता को इसके लिए सजग किया। आज उसी रास्ते पर चलते हुए इनेलो कार्यकर्ता सडक पर उतरे हैं और प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया कि वे इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप करें और सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के पक्ष में दिए गए आदेश, जिसमें एसवाईएल का पानी हरियाणा को देने की बात कही गई है, को तुरंत लागू करवाएं, ताकि दो राज्यों के बीच टकराव और मनमुटाव की स्थिति न बने।

सुनैना चौटाला ने मौजूदा हरियाणा सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार है और केंद्र में भी, फिर भी बीबीएमबी में पिछले 10 वर्षों से हरियाणा की ओर से कोई प्रतिनिधि नहीं बैठा है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार कब तक चुप बैठी रहेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अपना पानी न दे, लेकिन हरियाणा के हक का पानी जरूर दे। यह पानी किसी पर एहसान नहीं, बल्कि हरियाणा का अधिकार है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैम्पेन रिस्पैक्ट हर डिगनिटी के अंतर्गत सोमवार को राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी पहुची, जहां प्राधानाचार्य चमन लाल ने उनका स्वागत किया। सीजीएम ने उपस्थित अध्यापको व विद्यार्थियों को कैम्पेन रिस्पैक्ट हर डिगनिटी की जानकारी देते हुए ईव टिजिंग का अर्थ समझाया और इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित अध्यापको व विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन संबंधी विषय पर जानकारी दी और अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय कमेटी व आंतरिक कमेटी बारे में भी विस्तार से बताया।

# पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर गिरफ्तार, 1,500 करोड़ रुपये के केस में थे वांटेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 5 मई ( कुलदीप सिंह )** : दिल्ली के फाइव स्टार होटल में टहलते हुए एऊने पकड़ा; 1,500 करोड़ रुपये के केस में वांटेड थे

समालखा कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। एऊके अधिकारियों को रविवार रात को सूचना मिली थी कि छौक्कर दिल्ली के फाइव स्टार होटल शांगरी-ला में मौजूद हैं। छौक्कर को पकड़ने के लिए गुरुग्राम जोन के अधिकारियों की टीम बनाई गई। ऑपरेशन का नाम 'धप्पा' रखा गया। टीम जब होटल में पहुंची तो छौक्कर टहल रहे थे। भीड़ होने की वजह से वह भाग नहीं पाए और टीम ने उन्हें काबू



धर्म सिंह छौक्कर, पिता — विकास छौक्कर, छोटा बेटा — सिकंदर छौक्कर, बड़ा बेटा

कर लिया। छौक्कर 1500 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार चल. रहे थे। कुछ दिन पहले एऊने उनकी 44.55 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी माने जाने वाले छौक्कर की कंपनी साई आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को गुरुग्राम में घर देने के बदले करोड़ों रुपए ले लिए। बाद में उन्होंने न लोगों को घर दिया और न ही पैसे लौटाए।

इसके बाद एऊने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था।घर बनाकर देने के बदले लिए 616.41 करोड़धर्म सिंह छौक्कर, उनके बेटे सिकंदर और विकास की कंपनी साई आइना फॉर्म्स (अब माहिरा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड), सीजर बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और माहिरा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने किफायती आवास योजना निकाली थी। जिसके तहत हजारों खरीदारों को गुरुग्राम के सेक्टर 68, सेक्टर 103 और सेक्टर 104 में मकान उपलब्ध कराने का वादा किया गया। इसके बदले उनसे लगभग 616.41 करोड़ रुपए ले लिए गए। इसके बावजूद लोगों को घर नहीं दिए गए। बाद में पता चला कि घर खरीदारों से एकत्र की गई रकम को इन्होंने निजी लाभ के लिए खर्च कर दिया। कंपनी ने करोड़ों रुपए फर्जी निर्माण लागत, महंगी ज्वैलरी और शादियों में खर्च किए। शिकायत पर गुरुग्राम पुलिस ने छौक्कर के खिलाफ केस दर्ज किया था।

लग्जरी गाड़ियां, कैश और ज्वेलरी जब्त कीइसके बाद एऊने मनी लॉन्ड्रिंग के शक में धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद जुलाई 2023 में छौक्कर के आवास और कंपनियों पर छापेमारी की गई।

## जीटी रोड ग्रीन बेल्ट पर हाईकोर्ट के आदेशों की उड़ाई जा रही है धज्जियां

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सेक्टर 6 जीटी रोड पर स्थित एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट की जमीन पर कोर्ट के स्टेटस को के बावजूद गैरकानूनी अवैध निर्माण कार्य एचएसवीपी के अधिकारियों की मिली भगत से जारी है यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पर्षद ने मुख्य प्रशासक एचएसवीपी ,प्रशासक एचएसवीपी रोहतक और उपायुक्त पानीपत को भेजी शिकायत के बाद प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाए । उन्होंने कहा कि एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट , सरकारी स्कूल और सड़क के लिए छोड़ी गई जमीन पर भूमि अर्जन अधिकारी रोहतक , तहसील कार्यालय पानीपत और हुडा विभाग के अधिकारियों ने मिली भगत करके सैकड़ो करोड़ की एचएसबीपी की जमीन में फजीर्वाड़ा कर गलत तरीके से मालिकाना हक जारी कर दिया गया ।जिसको लेकर हमने प्रदर्शन और शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजी जांच के उपरांत विभाग



द्वारा माना गया कि यह हमारी जमीन है । जिस पर कार्रवाई के डर से काबिज लोगों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दिनांक 10 अगस्त 23 को इस पर स्टे ले लिया लेकिन स्टे लेने के के बाद भी काबिज लोगों द्वारा खुले रूप से उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जाती रही जिसकी शिकायत उनके द्वारा बार-बार उच्च अधिकारियों को दी गई लेकिन एचएसबीपी पानीपत के अधिकारीयो के संरक्षण में आज यहां कई नए शोरूम तक बना दिए गए । स्वामी ने कहा कि कुछ कब्जाधारियों के भाजपा के बड़े नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध के चलते प्रशासन कार्रवाई करने के आदेश देने के बाद भी बैकफुट पर नजर आता है ।

### रिश्वत लेते हुए एएसआई गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सोमवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उसने झगड़े के मामले से नाम हटवाने के लिए रिश्वत मांगी थी।

एएसआई कोर्ट की पार्किंग में पैसे लेने आया था, तभी एसीबी ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। करनाल के प्रणामी मंदिर के पास कुछ समय पहले किसी बात को लेकर 2 पक्षों में झगड़ा हो गया था। इस मामले की शिकायत मॉडल टाउन पुलिस चौकी में पहुंची थी। इस मामले की जांच एएसआई कुलबीर सिंह जांच कर रहा था।

## अस्थमा की तकलीफ से राहत दिलाएगा सही मार्गदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
अस्थमा एक पुरानी सूजन संबंधी फेफड़ों की बीमारी है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है और यह व्यक्ति की दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है। जब श्वासनलिकाएं (वह नलिकाएं जो फेफड़ों में और बाहर हवा ले जाती हैं) सूज जाती हैं, संकरी हो जाती हैं या बलगम से भर जाती हैं, तो व्यक्ति को खांसी, घरघराहट, सीने में जकड़न और सांस फूलने जैसी समस्याएं होती हैं। अस्थमा होने के पीछे आनुवंशिक और पर्यावरणीय दोनों तरह के कारण हो सकते हैं। यदि आपके परिवार में किसी को अस्थमा या एलर्जी



की समस्या रही हो, तो आपके इसके शिकार होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा, जिन लोगों की श्वासनलिकाएं संवेदनशील होती हैं या जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कुछ खास तरीकों से प्रतिक्रिया देती है, वे भी पर्यावरणीय कारकों के कारण अस्थमा से पीड़ित हो सकते हैं। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, शालीमार बाग के पल्मोनोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. इंदर मोहन चुग ने बताया कि ह्लअस्थमा के लक्षण कई बार आपके आसपास मौजूद चीजों से और अधिक बिगड़ सकते हैं या अचानक शुरू हो सकते हैं।

इसके सामान्य ट्रिगर हैंः धूल, फफूंदी, परागकण, पालतू जानवर (बिल्ली, कुत्ते आदि), धुआं, प्रदूषण और तेज गंध, ठंडी हवा या ठंडा खाना, अत्यधिक शारीरिक परिश्रम, सर्दी-जुकाम जैसी वायरल संक्रमणें, मानसिक तनाव या चिंता। अस्थमा के लक्षण कुछ लोगों में हल्के और कुछ में गंभीर हो सकते हैं। इसके सामान्य लक्षणों में शामिल हैंः सांस लेने में कठिनाई, घरघराहट (सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज), खांसी (विशेषकर रात में या सुबह जल्दी), सीने में जकड़न या भारीपन महसूस होना। यदि किसी व्यक्ति में ऊपर बताए गए लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर कुछ जांचों के माध्यम से इसकी पुष्टि करते हैं। स्पाइरोमेट्री या पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट्स (ढत्रह्लह्य) से फेफड़ों की कार्यक्षमता की जांच की जाती है। छाती का एक्स-रे अन्य बीमारियों को नकारने में मदद करता है। रक्त जांच जैसे उइउ या क्रॠए स्तर एलर्जी या सूजन की जानकारी देते हैं।

### मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर खिजरपुरा ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर ग्राम पंचायत खिजरपुरा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। एलएनजेपी अस्पताल में सरपंच अनिल कुमार धन्ना के साथ उप सिविल सर्जन डॉ. रमेश सभ्रवाल ने त्रिवेणी रोपित की। इसके साथ ही सरपंच द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। सरपंच अनिल कुमार ने कहा कि साढ़े 9 साल बतौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है, उनकी सकारात्मक और पारदर्शी सोच के कारण हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर है जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रफ्तार देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर हरियाणा प्रदेश में कार्य किया और हरियाणा प्रदेश को एक नई दिशा दी तथा प्रदेश के हर वर्ग को लाभ पहुंचे इसके लिए कई विकासात्मक योजनाओं की शुरूआत की। वर्तमान समय में हर वर्ग को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पोर्टल के जरिये न केवल लाभार्थी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि ग्राम पंचायत के कार्यों में भी तेजी आई है।

## पुलिस की महिला टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है



कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। दिनांक 05 मई 25 को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय स्कूल सेकिंड गेट विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की महिला मुख्य सिपाही राजबीर कौर व महिला एसपीओ अमिता रानी ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। इसके साथ-साथ महिला पुलिस की टीम ने सार्वजानिक स्थानों पर दुर्गा शक्ति व डायल-112 की ट्रिप मोनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया।

## पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज पधार रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पीसीसी अकैडमी में चरण सेवक श्री बागेश्वर धाम सरकार पंडित निर्मल शास्त्री एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश गौतम ने शिरकत की एवं आने वाली 17,18,19 तारीख को पानीपत में हो रही श्री हनुमंत कथा जो की परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा की जाएगी । इस कथा में पीसीसी एकेडमी के सभी बच्चों को एवं सभी स्टाफ और



निर्देशक राजीव परुथी जी को आमंत्रित पत्र देने के लिए अकादमी में पहुंचे एवं अकादमी के सभी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की इस मौके पर राजीव परुथी ने कहा हम बड़े सौभाग्यशाली हैं । कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पधार रहे हैं और हमें उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त होगा । इस मौके पर राजीव परुथी ने विश्वास दिलवाया की पीसीसी अकैडमी परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार के साथ है और हम इस कथा का स्वागत करते हैं। इस मौके पर शिल्पा परुथी, दीपक मदान, पलक सहगल, अंजलि, सिमरन, संजना, गरिमा, आदि मौजूद रहे।

### पानी व्यर्थ बहाने पर लगेगा जुर्माना

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला के गांव नुहियांवाली में ग्राम पंचायत की सोमवार को बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया है कि पानी की बबार्दी करने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। सरपंच सुनीता देवी ने बताया कि पानी की भारी कमी को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि जो भी व्यक्ति अपने घर में सप्लाई के दौरान नल खुला छोडकर पानी व्यर्थ बहाएगा उस पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाकर गौशाला की पर्ची काटी जाएगी। दोबारा गलती करने पर 1100 रुपये जुमार्ना लगाया जाएगा और फिर भी नहीं माना तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी।

## 551 ग्राम अवैध नशीले पदार्थ अफीम की तस्करी करता तस्कर धरा

**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने जिले के इस्माईलाबाद थाना एरिया मे अम्बाला कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाँव मलिकपुर के पास से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त एक नशा तस्कर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। विदित है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा निदेशों पर पुरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही



है। विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा एनसीबी कुरुक्षेत्र यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री जगबीर सिंह के निर्देशन में उप निरिक्षक संजय कुमार अपनी टीम के साथ थाना इस्माईलाबाद के एरिया मे अम्बाला कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद था। तभी गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर जो अपनी मोटरसाइकिल पर गाँव तलहेड़ी से अवैध नशीले पदार्थ लेकर गाँव मलिकपुर होते हुए पेहोवा की तरफ तस्करी करने जा रहा है।

अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को अवैध नशीले पदार्थ अफीम सहित काबू किए जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अम्बाला कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाँव मलिकपुर के पास आरोपी को मोटरसाइकिल सहित काबू किया। आरोपी की पहचान शमशेर सिंह पुत्र निशान सिंह के रूप मे हुई। जो गाँव तलहेड़ी जिला कुरुक्षेत्र का रहने वाले है। राजपत्रित अधिकारी को मोके पर बुलाकर तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से 551 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अफीम बरामद हुआ। अतिरिक्त जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया की नशे के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी पर थाना इस्माईलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र मे एन.डी.पी.एस. अधिनियम कि विभिन्न धाराओं में माध्यामिक मात्रा का मुकदमा दर्ज आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## वैश्य समाज सभा मुलाना की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/मुलाना:** श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य समाज सभा मुलाना के पूर्व प्रधान अशोक जैन की अध्यक्षता में सभा की एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस मौके पर सर्वसम्मति से अशोक मित्तल को सभा का प्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त दिनेश गोयल, अशोक जैन, राममूर्ति जैन, प्रवीन गर्ग, अशोक जैन, उमेश गोयल, कुलदीप बंसल को संरक्षक व अशोक गोयल और राजीव बंसल को उप प्रधान बनाया



गया। सभा के सचिव पद के लिए प्रवेश सिंगला व सह सचिव मुकेश गर्ग का नाम मनोनीत किया गया। कपिल सिंगला कोषाध्यक्ष, नवीन गुप्ता सह कोषाध्यक्ष, श्रीपाल जैन मीडिया सचिव, ऋषभ जैन सह मीडिया सचिव, आशीष जैन कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सचिन बंसल, अंकुश बिंदल, राजन गोयल, दिनेश गर्ग, सचिन जिंदल, सोनू गोयल, जितेंद्र गोयल, संजय बंसल व पुलकित सिंगला को एग्जीक्यूटिव सदस्य बनाया गया।

नवनियुक्त प्रधान अशोक मित्तल ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होकर उनका बहिष्कार करने और नव समाज निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। अशोक मित्तल ने बताया कि समाज के धर्मार्थ एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए कार्य शीघ्र आरंभ हो जाएगा।

श्रीपाल जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर समाजहित व सर्वसमाज के उत्थान के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन ने एक महान शासक के रूप में अपनी प्रजा की भलाई के लिए कई कार्य किए, जिनमें समाजवाद का समर्थन, व्यापारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना और अहिंसा का पालन करना शामिल है। श्रीपाल जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने 'एक ईंट और एक रुपया' का विचार दिया, जिसका अर्थ था कि हर नागरिक को नए आने वाले व्यक्ति को एक ईंट और एक रुपया देकर उनकी सहायता करनी चाहिए।

## पहला सुख निरोगी काया: लक्ष्मीनारायण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत मिशन के तहत मॉडल टाउन सोनीपत स्थित लेडीज पार्क में उपस्थित योग साधकों को योगाभ्यास के दौरान सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर व लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत के प्रधान लक्ष्मीनारायण ने बताया कि प्रकृति में योगीजनों द्वारा योग की देन एक अनमोल उपहार है। व्यवहारिक रूप से देखें तो निरोगी स्वस्थ काया ही पहला सुख है। स्वस्थ व्यक्ति ही इस धरा पर उपलब्ध सुखों का भोग कर सकता है, रोगीजन तो मन मसोसकर रह जाता है। स्वस्थ शरीर के लिए नियमित



आसनों,व्यायामों,प्राणायामों का अभ्यास अत्यंत जरूरी है। उपस्थित साधकों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोमविलोम प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाने के साथ साथ उनसे होने वाले लाभों से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर समिति के उपप्रधान मोहिन्दरपाल पंवार, कार्यकारिणी सदस्य सतवीर गौतम, मीडिया प्रभारी रणसिंह, धर्मपाल,सुरेंद्र सिंह,रणधीर, हवासिंह, सरिता, निर्मला आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रत्येक सोमवार व बृहस्पतिवार को होगा समाधान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के तहत अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रहा है।

डीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित की गई है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर भी प्रत्येक हफ्ते समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होता है उनका ऑन द स्पॉट ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाती है व जो समस्याएं पॉलिसी निर्माण से संबंधित हैं उन्हें मुख्यालय में भेजा जाता है ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

### नगराधीश ने सुनी लोगों की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं उनके समाधान हेतु जिले मे निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इन समाधान शिविरों मे आम नागरिक की विभागीय समस्याओं का प्राथमिकता आधार समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इसी कड़ी में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करवाया। गौरतलब है कि जिला वासियों की समस्याओं के जल्द समाधान करने के मध्यनजर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह शिविर सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक लगाएं जाते है जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारीगण एक स्थान पर बैठ कर लोगों की समस्याओं का तय समय सीमा के भीतर निपटान करते है। जिला स्तरीय समाधान शिविर मे आज प्रार्थियों द्वारा कुल 4 शिकायतें रखी गई जिन पर नगराधीश ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों द्वारा मौके पर समाधान करवाया। शिविर मे परिवार पहचान पत्र से संबंधी शिकायतें जिनमें पीपीपी में सदस्य को शामिल करवाने, पेंशन व अन्य शामिल है। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, एसडीओ लोक निर्माण विभाग कर्ण सिंह, नगर निगम से शेरसिंह, खादय आपूर्ति विभाग से ब्रिज मोहन, जिला समाज कल्याण से अवतार सिंह, जिला कष्ट निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य साहब सिंह के साथ अन्य मौजूद रहें।

# देश व आमजन के लिए महान कार्य है रक्तदानः सुभाष सुधा

## केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**रक्तदान महादान**

रियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व आमजन के लिए रक्तदान महान कार्य है




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश व आमजन के लिए रक्तदान महान कार्य है। इस कार्य में दूसरों का जीवन बचाने के लिए युवा वर्ग बढ़चढ़ आगे आया है। इसका सबसे बड़ा कारण युवाओं के लिए नौकरियों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल द्वारा बिना खर्ची-पर्ची के मेरिट के आधार पर नौकरी देना है। युवाओं में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के लिए काफी पसंदीदा बने हुए हैं।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को अपने आवास कार्यालय सेक्टर 7 में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, नप चेयरमैन माफी ढांडा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, पूर्व नप अध्यक्षा उमा सुधा ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से रक्तदान शिविर का शुभांरभ किया। इस रक्तदान शिविर में 123 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल को 71वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश का अनेक योजनाओं को लागू करते हुए विकास कार्य करवाएं हैं। इनमें सबसे बड़ा कार्य रोजगार के क्षेत्र में किये गये परिवर्तन का रहा है। युवाओं को सरकारी क्षेत्र में मेरिट के आधार पर नौकरी दी है। इस नीति के बाद युवाओं ने कोचिंग सेंटर और पुस्तकालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए किताबों को अपना नजदीकी बना है। किताबों से लिया हुआ ज्ञान व्यक्ति को सफलता तक लेकर जाता है। साथ की कौशल रोजगार निगम का गठन कर मेरिट के आधार पर रोजगार मुहैया करवाया है। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू की है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हरियाणा एक हरियाणवी एक और सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। इसके तहत पूरे प्रदेश का समान विकास करवाया गया। किसी भी हलके के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। प्रदेश के किसी भी कोने के साथ भेदभाव नहीं किया। जिसका परिणाम ये रहा कि तीसरी बार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। उन्होंने हर वर्ग के लिए योजनाएं तैयार की और उन्हें धरातल पर लागू किया। परिवार पहचान पत्र की योजनाएं लाकर योजनाओं को ऑनलाइन व्यवस्था के साथ जोड़ा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल की सोच के कारण ही बुजुर्गों की 60 वर्ष पूरे होते घर बैठे पेंशन लागू की जा रही है।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, पार्षद सुधीर चुघ,पार्षद सतीश गर्ग, पार्षद मनिंद्र छिंदा, पार्षद कवि बजाज, टोनी मदान, राम मेहर शास्त्री महिन्द्र मेहता, दरबारा सैनी, मुलखराज अनेजा, सचिन यादव, गगन कोहली, पार्षद कमल किशोर, विवेक रावत, नरेन्द्र जांगडा, नरेश सैनी आदि उपस्थित थे।

## सोमनाथ सचदेवा ने किया पुस्तक का विमोचन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व कुलसचिव व कुवि के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग प्रोफेसर अवनेश वर्मा की अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक डाटा रिकवरी टेक्निक्स फॉर कंप्यूटर फोरेंसिक का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उनको इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो. अवनेश वर्मा ने बताया कि यह किताब बेन्थम बुक्स रॉबिनसन्स रोड सिंगापुर से प्रकाशित हुई है। इसमें प्रो अवनीश वर्मा के साथ प्रो. अलेक्स खंग, कैलिफोर्निया अमेरिका से, सचित धनखड़, संदीप भरद्वाज और सतीश कुमार शर्मा भारत से एडिटर्स हैं। प्रो वर्मा ने बताया की इस पुस्तक को दो श्रेणियों के व्यक्ति लाभ उठा सकतें हैं। एक तो वह सामान्य व्यक्ति भी पढ़ सकते हैं।

**प्रकाशित**

प्रो. अवनेश वर्मा ने बताया कि यह किताब बेन्थम बुक्स रॉबिनसन्स रोड सिंगापुर से प्रकाशित हुई है

## बराड़ा नगरपालिका में स्टाफ के साथ बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** रजत मलिक प्रधान नगरपालिका बराड़ा की अध्यक्षता में नगरपालिका कार्यालय बराड़ा में स्टाफ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव राजेश कुमार, नगरपालिका अभियंता प्रीतपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह एवं अन्य स्टाफ ने भाग लिया। बैठक में प्रधान रजत मलिक द्वारा शहर के सभी वार्डों में विकास कार्यों जैसे स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने बारे, नगर पालिका क्षेत्र के अधीन सभी जोहडों व नालों की सफाई करवाने तथा गलियां व नालियां बनाने संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका क्षेत्र में फॉगिंग करवाने बारे भी आदेश दिए गए। रजत मलिक प्रधान ने बताया कि उनका लक्ष्य शहर का निरंतर विकास करना है ताकि बराड़ा वासियों को सभी मूलभूत सुविधा मिलती रहे।

## गर्भ संस्कार केंद्र का शुभारंभ, गर्भवती महिलाओं को मिलेगा लाभ

**आहार**

गर्भावस्था के दौरान माता-पिता के आहार, व्यवहार और विचार तीनों का प्रभाव शिशु के जीवन पर पड़ता है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि गर्भ संस्कार केवल एक परंपरा नहीं,बल्कि ये वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संतुलित और स्वस्थ समाज की नींव है। आयुष विश्वविद्यालय में गर्भ संस्कार जैसे प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शोध और चिकित्सा प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है,ताकि भावी पीढ़ी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, बल्कि संस्कारों से संपन्न भी हो। वे सोमवार को आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेदिक अस्पताल) में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा स्थापित किए गए गर्भ संस्कार केंद्र के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के चेयरमैन एवं डीन एकेडमिक अफेयर प्रो.वैद्य जितेश कुमार पंडा, प्राचार्य प्रो. वैद्य देवेंद्र खुराना, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र चौधरी, प्रो. सीमा एवं वैद्य सुनीति तंवर समेत अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार, गर्भधारण से पहले और गर्भावस्था के दौरान माता-पिता के आहार, व्यवहार और विचार तीनों का प्रभाव शिशु के जीवन पर पड़ता है। यदि माता-पिता वैज्ञानिक तरीके से गर्भ संस्कार अपनाएं तो श्रेष्ठ, चरित्रवान और देशहित में कार्य करने वाली संतान को जन्म देना संभव है। यह केवल व्यक्ति का नहीं,राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। गर्भवती महिलाएं बनेंगी ब्रांड एंबेसडरः प्रो. धीमान कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि गर्भ संस्कार एक आयुर्वेदिक और वैदिक परंपरा है, जिसका उद्देश्य गर्भधारण से पहले और गर्भावस्था के दौरान माता-पिता और भ्रूण के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर को शुद्ध व संतुलित करना होता है। यह न केवल स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, बल्कि संस्कारित, गुणवान और तेजस्वी संतान के लिए भी लाभकारी है।

## गीता विद्यालय के छात्र संस्कार भारती द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजेता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** संस्कार भारती द्वारा आयोजित लोक माता अहिल्याबाई होलकर चित्रकला प्रतियोगिता में गीता विद्यालय के छात्रों ने विजेता के रूप में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। संस्कार भारती द्वारा जिला सत्र पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें जिले से विभिन्न विद्यालय के छात्रों ने प्रतिबद्धता की यह प्रतियोगिता लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित थी ।जिसमें श्रीमद्भगवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभागिता की और विजेताओं की संस्कार भारती द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर चित्रकला प्रतियोगिता में सम्मानित किया विद्यालय के छात्र

1.प्रथम पुरस्कार राघव कक्षा - 8उ
2.द्वितीय हर्षित कक्षा - 9अ
,3.तृतीय ईरश कक्षा - 9 अ के छात्र ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने वंदना सत्र में इन छात्रों को पुरस्कृत किया व विद्यालय के कलाध्यापक सतपाल को भी इन छात्रों की तैयारी के लिए , सफलता के लिए बधाई दी ।संस्कार भारती के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**स्मृति चिन्ह**

संस्कार भारती के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

## अम्बाला में एजेन्सियों ने 242926.6 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद कार्य पूरा-डीसी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाला जिले मे 15 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 242926.6 मीट्रिक टन गेहूँ को खरीद लिया हैं। इन मंण्डियों में अब तक 52542 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मण्डियों में एजेन्सियों द्वारा गत दिवस तक 97.5 प्रतिशत के साथ 236891 मीट्रिक टन गेहूँ के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त ने बताया कि 04 मई तक अम्बाला छावनी से 15133 एमटी, अम्बाला शहर से 57504 एमटी, नन्यौला मंडी से 8024.65 एमटी, मुलाना मंडी से 23744.65 एमटी, साहा मंडी से 24765 एमटी, बराड़ा मंडी से 27900 एमटी गेहूँ खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि केसरी मंडी से 3090 एमटी, सरधेड़ी मंडी से 5781 एमटी, उगाला मंडी से 2920 एमटी, तलहेड़ी मंडी से 12520 एमटी, शहजादपुर मंडी से 17450 एमटी, कड़ासन मंडी से 9850 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 26844.3 एमटी, बेरखेड़ी मंडी 4599 एमटी व भरेड़ीकलां से 2801 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने 21246 एमटी, फूड फारमर ने 3499 एमटी, हैफेड 197990 एमटी, हैफेड फारमर ने 43287 एमटी, हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन ने 23690.6 एमटी गेहूँ की खरीद गई हैं।

## चोरी के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 4 मई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महेन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी गुल्लु निवासी गाँव धामपुर थाना धामपुर जिला बिजनौर यूपी, फैयाज अहमद उर्फ फज्जु निवासी पक्का बाग पहाड़ी दरवाजा धामपुर बिजनौर यूपी तथा दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## मलेरिया-फ्री जिला के लिए सर्टिफिकेशन का करेंगे आवेदन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि डब्ल्यूएचओ को मलेरिया-फ्री जिला के लिए नेशनल सर्टिफिकेशन का आवेदन करने वाला कुरुक्षेत्र प्रदेश का पहला जिला होगा। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से जिला में महै। जिसको देखते हुए इस बार डब्ल्यूएचओ को मलेरिया-फ्री जिला के लिए नेशनल सर्टिफिकेशन का आवेदन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मलेरिया की रोकथाम को लेकर किया जाने वाले कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से वर्ष 2030 तक पूरे देश से मलेरिया खत्म करने के लिए फरवरी 2016 से मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फ्रेम वर्क शुरू किया था। जिसके तहत काम करते हुए जिला की टीम ने मलेरिया की रोकथाम के लिए काम किया और वर्ष 2021 के बाद मलेरिया का कोई केस नहीं आना दिया। केन्द्र सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र जिला को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुनः प्रयास और जोश के साथ हम दोबारा से मलेरिया को खत्म कर सकते हैं। गंदे पानी में पनपने वाले मलेरिया मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होता है। लक्षण बुखार होना, ठंड लगना, उल्टी आना और बदन दर्द होता है। ऐसे लक्षण पाने जाने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर इलाज लें ताकि मलेरिया की घटनाओं को शून्य बनाया रखा जाए।

**राष्ट्रीय फ्रेम वर्क**

गंदे पानी में पनपने वाले मलेरिया मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से होता है। उल्टी आना और बदन दर्द होता है

## भारत में, मानवीय जीवन मूल्यों और धर्म के बीच अंतरंग संबंध मौजूद है - डा. श्रीप्रकाश



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। इस तथ्य के कारण, भारत में नैतिक शास्त्रों का एक विशाल भंडार है, जिसने युगों से हमारी सभ्यता का मार्गदर्शन किया। सनातन जीवन मूल्यों की नींव समाज की पूजा, प्रार्थना और आदर्शों और सिद्धांतों के रूप में आध्यात्मिक और धार्मिक मान्यताओं में देखी जा सकती है। भारत में, मानवीय जीवन मूल्यों और धर्म के बीच अंतरंग संबंध मौजूद है। परिवारिक एवं सामाजिक जीवन मूल्य लोगों के सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन के तरीकों का एक संकेतक है। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा परिवार प्रबंधन में सनातन जीवन मूल्यों का महत्व विषय पर आयोजित जीवन संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना से हुआ। जीवन संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की उपस्थित सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सनातन जीवन मूल्य परिवार प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन मूल्यों को अपनाकर, परिवार शांति, सद्भाव और खुशहाली से रह सकता है। परिवार एक सामाजिक संस्था है जिसमें समान विश्वास, धर्म, रीति-रिवाज, संस्कृति, भाषा और जीवन शैली का बंधन होता है। यह विरासत और परंपराओं को पिछली पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक विरासत के रूप में आगे बढ़ता है। परिवार से एक बच्चा आत्म-ज्ञान, आत्मविश्वास, आत्म-संतुष्टि, आत्म-मूल्य और आत्म-बलिदान की क्षमता प्राप्त करता है। परिवार बच्चे को शांति, सहयोग, लोकतंत्र, सद्भाव और समानता के सांस्कृतिक आदर्श प्रदान करता है।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने परिवार प्रबंधन में सनातन जीवन मूल्यों का महत्व को बताते हुए कहा हम अपने देशकाल के अनुसार समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें, और अपने जीवन मूल्यों को पहचान कर उनके अनुसार अपना जीवन जियें यही हमारी सार्थकता है। इसके लिए हमें मूल्य आधारित जीवन जीने के मार्ग का चयन करना पडेगा। निःसंदेह मूल्यों का निर्धारण करने में हमारे लिए प्रारंभ में कठनाइयाँ आएँगी।

**मार्गदर्शन**

भारत में नैतिक शास्त्रों का एक विशाल भंडार है, जिसने युगों से हमारी सभ्यता का मार्गदर्शन किया

## लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में रखी जाएंगी 14 समस्याएंः नेहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की कष्ट निवारण बैठक 7 मई को दोपहर बाद 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक में हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर अध्यक्षता करेंगे। इस मासिक बैठक में 14 समस्याएं एजेंडे में रखी जाएंगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि 7 मई को होने वाली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में गांव सिरसला निवासी शारदा रानी, सेक्टर 13 निवासी ज्ञान सागर, गांव यारा निवासी केशव, नई शिकायतों में गांव बारना निवासी सुभाष चंद्र, गांव बडौली निवासी मोहित कुमार,गांव बरगट निवासी गुरनाम सिंह, गोबिंद पुरी कालोनी लाडवा गुरनाम सिंह, गांव छपरा निवासी प्रदीप कुमार, सुषमा देवी, गांधीनगर निवासी महिन्द्र सिंह, लोटस ग्रीन सिटी निवासी रामकली, सेक्टर 3 निवासी वीना शर्मा, गांव खरींडवा निवासी कृपाल सिंह, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुंडा खेडा यशवीर सिंह, न्यू मिजार्पुर कालोनी निवासी अनिल की शिकायत को रखा जाएगा।

**बैठक**

कष्ट निवारण बैठक 7 मई को दोपहर बाद 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी

# केजरीवाल के इशारे पर सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं पंजाब के मुख्यमंत्री मान : बड़ौली

**अपमान**

▶▶ पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को लेकर श्री बड़ौली ने कहा था कि जो जैसा दिखेगा वैसा भरेगा।





**टीम एक्शन इंडिया**
**दीये**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि पंजाब को हरियाणा के हक का पानी तुरंत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सत्ता का अपमान कर रहे हैं और यह सब पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के मंच पर हो रहे हैं। पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को लेकर श्री बड़ौली ने कहा था कि जो जैसा दिखेगा वैसा भरेगा। सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्म दिवस की बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की। उन्होंने कहा कि प्यारे लाल हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं और हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।
प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा पानी को लेकर हरियाणा में सर्वदलीय बैठक हुई है और सभी सुविधाएं सरकार के साथ हैं। पंजाब के नेता पानी को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं वह गलत है। भाईचारा और सदभाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा में पानी का हक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब सरकार को एस्वेल नहर बनाने में जो रुकावटें हैं, उन्हें दूर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी में कोई कमी नहीं है, पानी पूरी मात्रा में है, पंजाब सरकार की राजनीति लोगों को भ्रमित कर रही है।
पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मेरी गुरुओं की परंपरा रही है। सनातन धर्म में खुद पस-ासा की भी संस्कृति है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली चुनाव में भी यमुना के पानी को लेकर राजनीति की थी, दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को सबक सिखाया और भाजपा की सरकार बनाई।
पूर्व विधायक धर्म सिंह चौधरी के क्रांतिकारी को लेकर मोहन लाल कौशिक ने कहा, जो जैसा नजर आएगा वैसा ही भरेगा। आरोप में कांग्रेस की रीति नीति शामिल है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीएचडी की जांच चल रही है। गबन किया है तो जांच का सामना करना पड़ा।

# फिर लगे गंभीर आरोप पूर्व खरखौदा एसएमओ पर, किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदाः** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरखौदा पहुंचीं। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनीपत ज्योत्सना, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी गौरव, महिला सहायक उप निरीक्षक रेखा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने अस्पताल की सफाई, महिलाओं की सुरक्षा तथा प्रसूता महिलाओं को दिए जा रहे पोषक तत्वों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती महिलाओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ ने पूर्व में तैनात वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशा सहरावत और नर्स राजेश के विरुद्ध गंभीर शिकायतें कीं। आरोपों में प्रताड़ना, तबादलों में पैसे की मांग, घरेलू कार्य करवाना, वेतन न देना, तथा दुर्व्यवहार शामिल रहा। कुछ महिलाओं ने लिखित में भी शिकायतें दीं।
साथ ही वीरेंद्र दहिया के प्रकरण में कार्रवाई न होने की बात भी सामने आई। जिस पर उनके द्वारा मंगलवार को सीएमओ को खरखौदा आकर सभी के बयान दर्ज कर उन्हें भेजने के आदेश दिए। इन शिकायतों को गंभीर मानते हुए आयोग अध्यक्षा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी शिकायतकताओं के बयान दर्ज करने और संबंधितों को उनसे मिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

**न्यूज फ्लैश**

## विधायक कृष्णा गहलावत ने केंद्रिय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस पर लगवाये रक्तदान शिविर



**नराई**
केंद्रिय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ७१ वें जन्म दिवस के मौके पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने हलके के चार गांवों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिनमें कुल ८७ सत्तासी यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विधायक ने केंद्रिय मंत्री को जन्मोत्सव की बधाई देते हुए उनकी दीघार्यु की कामना की।
भैंराबांकीपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में बीस यूनिट, खेवड़ा में इक्कीस यूनिट तथा गढ़शाहजहांपुर में चौबीस यूनिट और बढ़मलिक में बाईस यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी रक्तदान शिविरों में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया।
गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। रक्तदान कर हम किसी के प्राणों की रक्षा कर सकते हैं। रक्तदान बेहद महत्वपूर्ण है, जिसमें हर स्वस्थ व्यकित को आहुति डालनी चाहिए। केंद्रिय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के मौके पर रक्तदान करना गौरवमयी उपलब्धि है। केंद्रिय मंत्री सच्चे जनसेवक व राष्ट्रभक्त हैं। ऐसे प्रेरक व्यक्ति के जन्मदिवस पर रक्तदान करके हम पुण्य के भागी बन सकते हैं, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राजनीति को नये आयाम देते हुए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम किया। रक्तदान शिविरों में मंडलाध्यक्ष विकास कौशिक,भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई, युवा नेता अनिल आंतिल, जसपाल आंतिल खेवड़ा, नीरज डागर, जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, वेदपाल शास्त्री, जसपाल आंतिल, संजय चेयरमैन, पुनीत राई, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, विक्रांत चौहान, योगेश जठेड़ी, सुरजीत वाल्मीकि,सरपंच फूलकंवार, मोनू खेवड़ा, पदमश्री डा. संतराम देशवाल, मोहन त्यागी, मनोज दहिया नाहर, रविंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, रामप्रसाद सैनी, पूर्ण सिंह सैनी, विष्णु आंतिल, अजय दहिया आदि शामिल रहे।

## नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने नशे की खेप सहित काबू किया, कार से 30 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्करी की सूचना पर प्रभावी कार्रवाई करते जीटी रोड पर बाबरपुर के नजदीक कार सवार नशा तस्कर को नशे की खेप सहित काबू किया है। आरोपी नशा तस्कर के पास कार से 30 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ है।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त के दौरान जीटी रोड पर बाबरपुर फ्लाईओवर पुल के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की घरौंडा निवासी हरजिंद्र मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करता है। हरजिंद्र स्लेटी रंग की स्विफ्ट कार में मादक पदार्थ रखकर घरौंडा करनाल की तरफ जाएगा। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात टोल प्लाजा की और से एक स्लेटी रंग की स्विफ्ट कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने चालक को कार रोकने का इशारा किया उसने भगा लिया। कार का पीछा किया तो उसका चालक नाका से एक किलो मीटर आगे कार को साइड में खड़ी कर फरार हो गया। पुलिस टीम ने कार में ड्राइवर के साथ वाली सीट पर बैठे युवक को काबू करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान हरजिंद्र उर्फ बिल्ला पुत्र कुलदीप निवासी भट्ठा कॉलोनी घरौंडा और भागने वाले अपने साथी ड्राइवर की पहचान सोनू निवासी घरौंडा करनाल के रूप में बताई।

# मनोहर लाल हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन के नायकः निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
विधायक निखिल मदान सोमवार को सामान्य अस्पताल में पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा और वर्तमान में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर अस्पताल में आई तीन नई डायलिसिस मशीनों का रिबन काटकर शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि पहले 12 मशीनों से डायलिसिस की सुविधा दी जा रही थी,अब तीन नई मशीनों के आने से 15 मशीनों की मदद से रोजाना लगभग 40 और महीने में 1100 लोगों को डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। यह निःशुल्क सुविधा अक्टूबर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद से ही शुरू है और पीपीपी मोड पर इस कार्य को किया जा रहा है।
इस मौके पर विधायक ने डायलिसिस करवा रहे मरीजों से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशल क्षेम जाना। विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज अस्पताल में बेडशीट और अन्य कपड़े धोने के लिए दो नई बड़ी वाशिंग मशीनों को भी चालू करवाया गया है जिससे अस्पताल में स्वच्छता कायम रखने में सुविधा मिलेगी।
इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने सिविल अस्पताल का दौरा किया और मरीजों की समस्याएं सुनी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही अस्पताल के अंदर मदर एंड चाइल्ड केयर यूनिट का निर्माण कार्य शुरू होगा जिसमें 200 बेड़ो की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जरूरी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। साथ ही पीपीपी मोड में एमआरआई और कैथ लैब बनाने के लिए भी टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है, जल्द ही सोनीपत वासियों को इसका लाभ मिलेगा। ओपीडी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आसान करने के लिए दो नए काउंटर भी बनाए जाएँगे। इस अवसर पर सीएमओ डॉ ज्योत्सना, डॉक्टर गिन्नी लांबा,डॉक्टर संदीप लठवाल और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे इसके बाद विधायक निखिल मदान ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अस्पताल में भोजन वितरित किया।

# स्वर्गीय लाला राधेश्याम मित्तल को हमेशा याद किया जाएगाः विधायक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
शहर के समाजसेवी स्वर्गीय लाला राधेश्याम मित्तल की श्रद्धांजलि सभा सोमवार को रेलेवे रोड स्थित पारस वाटिका में हुई। जिसमें गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान के अलावा पूर्व नगरपालिका चेयरमैन दिनेश अधलखा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, पार्षद सतबीर शर्मा, व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान, पूर्व सरपंच जगदीप कक्कड़, समाजसेवी हरीश वाधवा, पूर्व पार्षद विद्या भूषण हसीजा, व्यापार मंडल के सचिव संदीप सिंघल, अग्रवाल संगठन के प्रधान राजकुमार अग्रवाल के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि देते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में जी डी गोयनका के छात्रों ने जीते पदक




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई**
जी डी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्रों ने टॉकाटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए निम्नलिखित विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। विद्यालय प्रधानाचार्या ने बताया कि नीरा मुद्दल ने बताया कि छात्र ईगोर ने स्वर्ण पदक, छात्र अलीसा ने स्वर्ण पदक, गर्वित ने स्वर्ण पदक, मिशिका ने कांस्य पदक, कुंजल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, प्रशिक्षकों के अथक प्रयास और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, १४१ यूनिट रक्तदान किया

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के ७१वें जन्मदिन पर सोमवार को डिवाइन सिटी परिसर स्थित द डेस्टिनेशनल मॉल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। १४१ लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। शिविर में हलका विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ी सेवा है। हर व्यक्ति को समय-समय पर यह सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने साढ़े ९ साल मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा प्रदेश को तरक्की की राह पर आगे बढ़ाया। अब केंद्र में राष्ट्र सेवा में जुटे हैं। उन्होंने बिना खर्ची, बिना पर्ची युवाओं को नौकरी देकर नई परंपरा शुरू की। क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर पूरे हरियाणा का समान विकास करवाया। विधायक देवेन्द्र कादियान ने शिविर में एलिम्को आसरा सोनीपत के सहयोग से करीब ८५ जरूरतमंद बुजुर्गों को विधायक कादियान ने सहायक उपकरण बांटे।




# झलकारी बाई के बलिदान पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत

**हिसारः** कलंधिका नृत्य नाट्य संस्था समिति की ओर से सोमवार को रियाज स्टूडियो में वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान पर एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसका निर्देशन डॉ. राखी जोशी और राम नारायण ने किया। प्रदर्शित नाटिका में दिखाया गया कि झलकारीबाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी के पास भोजला गांव में किसान सदोवा सिंह और जमुनादेवी के घर हुआ था। युवावस्था में, जब एक बाघ ने उन पर हमला किया तो उन्होंने डटकर उसका सामना किया और कुल्हाड़ी से उसे मार डाला।

# मनोहर लाल लम्बे समय तक करें देश की सेवाः डा अर्चना गुप्ता

**कामना**

▶▶ डा अर्चना गुप्ता ने अवध धाम मे यज्ञ में शामिल हो मनोहर लाल के दीघार्यु होने की कामना



पानीपत , ( कमाल हुसैन )
मनोहर लाल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा पुंज हैं। मनोहर लाल ने राजनीती में रहा कर भी एक संत का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ये शब्द प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने अवध धाम मंदिर में यज्ञ कर उपरांत जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहे.
डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मनोहर लाल ने हरियाणा में परिवार वाद, क्षेत्र वाद तथा जातिवाद जैसी कुरीतिओं को समाप्त करने का काम कर एक हरियाणा एक हरयाणावी एक की नजीर बनाई.बिना खर्ची पर्ची के नौकरी देकर मनोहर लाल ने भरस्टाचार पर लगाम कसी।
डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मनोहर लाल का जीवन हमारे लिये प्रेरणा का स्त्रोत हैं। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की सर्व शक्तिमान ईश्वर मनोहर लाल को लम्बी आयु तथा उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें ताकि वो लम्बे समय तक देश तथा समाज की सेवा कर सके तथा हमें उनका मार्गदर्शन मिलता रहे । पंडित दाऊ ने वेद मंत्रो द्वारा आहुति दिलवाई तथा मनोहर लाल के लम्बी आयु होने की प्रार्थना की। साथ ही पंडित राधे राधे जी ने मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया । हवन का आयोजन पंडित वेद पराशर ने मनोहर की लंबी आयु व स्वास्थ्य के लिए लिया । साथ में अंजना गुज्जर पार्षद , प्रीतम गुज्जर , बबीता , भावना और बहुत सारी बहने रही जिन्होंने आहुति डाल कर मनोहर के लिए प्रभु से मंगल कामना की ।

# खट्टर के के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिवर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को विधायक मनमोहन भडाना की कोठी करहंस में रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया ।इस शिवर में 136 लोगों ने रक्तदान किया।
रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक मनमोहन भडाना ने रिबन काटकर किया ।इस मौके पर मनमोहन भडाना व कार्यकताओं ने केक काटा और एक-दूसरे को केक व मिठाई खिलाकर खुशी बांटी। रक्तदान शिविर में आए हुए सभी लोगों के लिए विधायक मनमोहन भड़ाना के द्वारा भोजन का विशेष प्रबंध किया गया मनोहर लाल खट्टर के लिए लंबी आयु के लिए की कामना की। भडाना ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में हरियाणा के हर वर्ग के लोगों का विकास हुआ। लाखों लोगों को बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार व सरकारी नौकरी दी। अब वहीं काम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर रहे हैं।



# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
आज आम आदमी पार्टी सोनीपत ने "आप" हरियाणा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम के नेतृत्व में सुभाष चौक सोनीपत पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति व सरकार को सद्बुद्धि आए को लेकर हवन यज्ञ का आयोजन किया। हवन में सभी ने आहुति डाल डाल हमले में शहीद भारतीयों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।देवेंद्र गौतम ने हवन के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुवे जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटको पर किए गए कायरतापूर्ण हमले की कठोर निंदा की है।



उन्होंने कहा कि यह हमला ने केवल कश्मीर की शांति के लिए खतरा है बल्कि हमारे देश की संप्रभुता को भी खुली चुनौती है। आज हम सुबह-सुबह पर हवन यज्ञ कर कर उन सभी दिवंगत आत्माओं को विनाश श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने इस बर्बर हमले में अपनी जान गंवाई। देवेंद्र गौतम ने कहा कि संकट की इस घड़ी में आम आदमी पार्टी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हवन यज्ञ करते हुए देवेंद्र गौतम ने भगवान से प्रार्थना करते हुवे कहा कि भगवान सरकार को सद्बुद्धि देते हुए उनको हिम्मत दे ताकि सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आतंकियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाएं। यह समय पाकिस्तान को करारा जवाब देने और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (ढडङ) को भारत में मिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का है ताकि भविष्य में कोई भी आतंकी संगठन भारत की ओर आंख उठाने की हिम्मत ना कर सके। देवेंद्र गौतम ने कहा कि इस आतंकी हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की सफलता को लेकर भी 140 करोड़ देशवासियों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए अभी उन मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछने की बजाय सरकार से अपेक्षा करती है कि वह इन कमियों को तत्काल सुधारे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाए। गौतम ने कहा कि हम केंद्र सरकार के साथ और जरूरत पड़ने पर सरहद पर जाकर लड़ाई लड़ने को भी तैयार है। आम आदमी पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ नेता विमल किशोर ने सरकार से निवेदन किया है कि आतंकवादियों व उनके सरगनाओ को भी मृत्यु दंड दिया जाए।पाकिस्तान की तरफ से समय-समय पर इस तरह के कायराना हमले होते रहे हैं लेकिन अभी तक पाकिस्तान के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आम आदमी पार्टी उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।

# पूर्व मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने मनाया, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**
नांगल चौधरी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन नांगल चौधरी सीएचसी में हरियाणा के पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर मनाया गया ।एसएमओ डॉक्टर धर्मेश सैनी के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल नारनौल व सीएससी सेंटर नांगल चौधरी के डॉक्टरों की संयुक्त टीम ने रक्तदान की कार्रवाई संपन्न की। हजारों की संख्या में युवाओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया।



चार सौ यूनिट रक्त लेने उपरांत डॉक्टरों ने इससे अधिक रक्त लेने में असमर्थता जाहिर की। नांगल चौधरी अस्पताल में युवाओं की उपस्थिति कितनी अधिक थी, अस्पताल परिसर में गाड़ियां ही गाड़ियां नजर आई। क्षेत्र के लोग कयास लगाते रहे ,यह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन है, या पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव का शक्ति परीक्षण।

# नरेला में व्यापारी प्रतिनिधिमंडल की उपायुक्त से मुलाकात, अतिक्रमण हटाने पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) नरेला जोन द्वारा हाल ही में शुरू की गई अतिक्रमण हटाने की मुहिम के बाद स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नरेला विधायक राजकरण खत्री और पार्षद पति कमल खत्री के नेतृत्व में नरेला की सभी प्रमुख मार्केट एसोसिएशनों के प्रति-निधिमंडल ने नरेला उपायुक्त राकेश कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से व्यापारियों को हो रही परेशानियों और क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण उत्पन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इससे पहले, 3 मई को नरेला की सभी मार्केट एसोसिएशनों और जनप्रतिनिधियों





की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, जिसमें अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के प्रभावों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि एमसीडी ने रामदेव चौक से वाई पॉइंट बवाना अलीपुर मोड़ तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया, जिसके दौरान कुछ व्यापारियों के दुकानों के बोर्ड और पैडियां तोड़ी गईं। इससे व्यापारियों को आर्थिक और व्यावसायिक नुकसान हुआ। व्यापारियों ने अपने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि अतिक्रमण हटाने की आड़ में उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उपायुक्त के साथ हुई मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान व्यापारियों को हो रही समस्याओं को रेखांकित किया। व्यापारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचा है और कई दुकानदारों के लिए रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दूसरी ओर, उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को अतिक्रमण के कारण क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली समस्याओं, जैसे यातायात जाम, पैदल यात्रियों के लिए असुविधा और स्वच्छता संबंधी मुद्दों से अवगत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की समस्याओं को समझते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि नरेला को स्वच्छ, अतिक्रमण-मुक्त और जाम-मुक्त बनाने के लिए एमसीडी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखेगी। व्यापारियों ने भी क्षेत्र की बेहतरी के लिए एमसीडी के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रतिनिधिमंडल और उपायुक्त के बीच हुई इस सकारात्मक चर्चा से नरेला के व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। दोनों पक्षों ने क्षेत्र को स्वच्छ, व्यवस्थित और व्यापार के लिए अनुकूल बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। व्यापारियों ने उपायुक्त के आश्वासन पर भरोसा जताया और कहा कि वे क्षेत्र की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। इस दौरान हेमराज बंसल ने कहा की हम आशा करते हैं कि दिल्ली नगर निगम व्यापारियों के हितों का ध्यान रखेगी और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी से बचा जाएगा।
जोगिंदर दहिया ने कहा हमारी मांग है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में व्यापारियों के साथ न्याय हो और उन्हें परेशान न किया जाए। मनोज बंसल ने कहा कि हमारी एसोसिएशन व्यापारियों के हितों के लिए काम कर रही है और हम एमसीडी के साथ मिलकर इस मुद्दे का समाधान निकालने को तत्पर हैं। इस मौके पर हेमराज बंसल, श्री भगवान गौतम, मनोज बंसल, अनिल वर्मा, श्रीनिवास वर्मा, प्रवीण वर्मा, सुनील गर्ग, मनोज छारिया, अमित बंसल, हरीश खन्ना, मदन मोहन गाबा, राजेंद्र गोयल, गौरव मारवाह, सतीश शर्मा, राकेश मित्तल, पियूष बंसल, देवी राम गुप्ता, दीपक मंगला, सरदार राजेंद्र सिंह पदम, मोहित गुप्ता, प्रवीण मंगला, संदीप मंगला, राजेश भारद्वाज, राजेश गर्ग, सरदार सरवन सिंह, जोगिंदर दहिया, विनोद बंसल सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी में आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस ने दूध की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के आवाहन पर और आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ राव के निर्देश पर आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने दूध की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर के जहांगीरपुरी के डीडीए फ्लैट स्थित मदर डेयरी बूथ पर प्रदर्शन किया और समर्थन में हस्ताक्षर भी अभियान चलाया। इस मौके पर आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि सरकार दूध की कीमतों में



बढ़ोतरी करके बच्चों के मुंह से दूध छीनने का काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी जब दिल्ली में आई थी तो कई बड़े-बड़े वादे किए थे कि हम रसोई गैस के दाम कम करेंगे, जनता को स्वच्छ जल देंगें लेकिन सारे वादे वह भूल चुकी है और जनता की समस्याओं पर न ध्यान देकर पूंजीपति वर्ग पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि बार-बार दूध की कीमतों में दो रुपये बढ़ोतरी की जा रही है, इसके विरोध को लेकर आज आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर मदर डेयरी बूथ पर बढ़ी हुई कीमतों का विरोध किया है। इस अवसर पर प्रदर्शन में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल, सुरेन्द्र सैनी, यूथ विधानसभा अध्यक्ष लव गर्ग, राकेश सागर, प्रदीप शौकीन, अनिल कुमार, दीनदयाल, विजेंद्र राणा, गंगा राम, ग्यास, कोमल रानी, मिस्टर त्यागी, प्रदीप कुमार सहित कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा के संजीव झा बने झड़ौदा वार्ड के मंडल अध्यक्ष, जताया शीर्ष नेताओं का आभार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले भाजपा के पूर्व में रह चुके मंडल अध्यक्ष संजीव झा को एक बार फिर से झड़ौदा वार्ड नंबर दस से मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। जिसके बाद से जहां एक ओर तो उनके घर में खुशी का माहौल बना हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर मंडल अध्यक्ष चुने जाने के बाद से ही उनके निवास स्थान पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर संजीव झा ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी, झड़ौदा वार्ड से पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया। तो वहीं अपने साथ के सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। संजीव ने बताया कि वह भाजपा में लगभग 18 साल से कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वह पूर्व में पार्टी बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश मंत्री पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश तक की जिम्मेदारी निभा चुके है।

# पहलगाम नरसंहार पर आंतकवादियों के खिलाफ निकाली गई जन आक्रोश रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम कश्मीर** हमले में 28 नागरिकों से धर्म पूछकर आंतकवादियों के द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। जिसका सत्यपाल सिंह सिसोदिया अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के नेतृत्व में इसका पुरजोर विरोध करते करते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, आंतकवाद को मिटाना है सनातन को बचाना है का नारे लगाते हुए बख्तावरपुर नरेला विधानसभा के वार्ड नंबर-5 के बख्तावरपुर में जन आक्रोश रैली एमसीडी स्टोर से सुभाष चौक तक निकलते हुए विरोध प्रदर्शन




किया गया। इसमें एस.एस चौहान उपाध्यक्ष स्कोर कमेटी, अभिषेक कुमार सिंह, आलोक सिंह उपाध्यक्ष, गुंजन सिंह उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, तेजराम सिसोदिया वार्ड 5 अध्यक्ष, कृष्ण मुरारी सचिव, सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रेमपाल राणा, जेपी चौहान, वेदराम, सुखबीर सिसोदिया, विनोद सिंह चौहान, आशीष गुप्ता और महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के युवा छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

# नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा को लोगों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा दिल्ली** प्रदेश ने 204 मंडल के अध्यक्षों की घोषणा कर दी। इसी कड़ी में आनन्द विहार मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में सचिन शर्मा को नियुक्त किया गया।
संगठन को सर्वोपरि मानने वाले सचिन शर्मा इससे पहले युवा मोर्चा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ और भाजपा आनन्द विहार मंडल के मंत्री के तौर पर संगठन का काम कर चुके हैं और पिछले 15 साल से संगठन से जुड़े हुए हैं।
कड़कड़डूमा गांव में उनका स्वागत समारोह रखा गया। जिसमें गांव के वरिष्ठ लोगों ने उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम के



दौरान महेश राजपूत, अर्जुन पंडित, अधिवक्ता अमन शर्मा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवम, अधिवक्ता अमन गौड आदि मौजूद रहे। स्वागत समारोह में उन्होंने कहा कि वह एक कार्यकर्ता है, संगठन उन्हें जो जिम्मेदारी देगा, वह उसे पूरा करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

# आरडब्ल्यूए आई एण्ड जे ब्लॉक जहांगीरपुरी ने किया बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रेज़िडेंट वेलफेयर** एसोसिएशन आई एंड जे ब्लॉक जहांगीरपुरी के अध्यक्ष एम एल भास्कर के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी 18 मई दिन रविवार समय सुबह 11 बजे जे-1115 जहांगीर पुरी में एक कार्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया।
जिसका रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने समर्थन दिया और कहा कि हम सभी इस प्रस्ताव का स्वागत करते हैं। बैठक में रेज़िडेंट



वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एम एल भास्कर के अलावा वरिष्ठ समाज सेवी जितेंद्र सिंह ढीका, रविन्द्र गुप्ता, आर एम राजा, संजय बागड़ी, बांबी सरदार इकबाल सिंह, अनिल कुमार, रमेश बागड़ी, मा.शरीफ सलमानी, नसीब आलम, अमित कुमार के अलावा सभी सदस्य उपस्थित थे।

# कवि संजय कुमार गिरि गोस्वामी गौरव सम्मान-2025 से हुए सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदि शंकराचार्य** की जयंती निहाल विहार के मीरा भवन में मनाई गई। कार्यक्रम के सभापति एन. के. गिरि और मुख्य अतिथि डॉ. महेश गिरि राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज) एवं विशिष्ट अतिथि महंत सच्चिदानंद गिरि ( राष्ट्रीय अध्यक्ष,अखिल भारतीय गोस्वामी महासभा), सुग्रीव गिरि(आईजी पुलिस, लखनऊ), धनंजय गिरि,अनुराग भृगुवंशी( सुप्रिमो, राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी, मेरठ), संजय गिरि गोस्वामी रहे। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोस्वामियों को सम्मानित भी किया गया।

# कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दूध की कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली व केंद्र सरकार** द्वारा दूध भाव बढ़ा दिए गए। जिससे जनता और गृहणियों पर अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है।
सोमवार को बुराड़ी विधानसभा के वार्ड नं-7 कादीपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने दूध के 2 रूपए किलो दाम बढाये जाने को लेकर प्रदर्शन कर व हस्ताक्षर अभियान चलाकर दूध के भाव कम करने की मांग की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सेक्रेटरी मनोज यादव ने भी भाजपा सरकार की कमियों व वादों की याद दिलाई। इसमें कादीपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खेमचन्द सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बच्चो के मुंह







से दूध छीनने का काम किया है। आज महंगाई ने गरीब तबके की कमर तोड़कर रख दी है। चुनाव के समय बीजेपी ने लोगों को झांसा दिया कि बिजली 300 यूनिट फ्री देंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपये का देंगे। होली-दिवाली पर एक सिलेंडर फ्री देंगे, लेकिन सिलेंडर पर 50 रुपये बढा दिए गये। सीएनजी 3 रुपये किलो बढ़ा दी है। इस अवसर पर बुराड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविंदर त्यागी ने भी महंगाई मुद्दों पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि यह सरकार झूठों की सरकार है ये सिर्फ भोली-भाली जनता को बरगला कर वोट लेने का काम करते हैं, जो कहते हैं वह कभी नहीं करते। लोग महंगाई की मार झेल रहे है। इस अवसर पर ब्लाक उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह, सोशल मीडिया इंचार्ज निर्मल कुमार, कांग्रेस नेता जगदीश सौदा, अशोक कुमार, आशु कुमार नाथूपुरिया, युवा कांग्रेस बुराड़ी विधानसभा अध्यक्ष मोहित सैनी, इमरान, विकास उपाध्याय, प्रह्लाद सिंह, राजकुमार, महेश कुमार, पनकी त्यागी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व लोगों ने हिस्सा लिया और सभी ने कांग्रेस का आभार जताया की आप जनता की परेशानियों को उठा रहे हैं।

# आदर्श नगर : मजलिस पार्क बारात घर में जनसमस्याओं को लेकर सभा का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के मजलिस पार्क स्थित बारात घर में समस्याओं की जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आपको बातदें कि इस जनसुनवाई का आयोजन भाजपा की दिल्ली सरकार के द्वारा किया गया। जिसमें आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जहां जनता ने एक-एक कर अपनी सभी समस्याओं को रखा। बता दे की इस मौके पर एक्शन इंडिया ने भी आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुछ मुद्दे जनप्रतिनिधि और आला अधिकारियों के सामने रखे। इसके अलावा भी क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# आईपीएल 2025: पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को 37 रनों से हराया

**धर्मशाला। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 के 54वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को हाई स्कोरिंग मुकाबले में 37 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही पंजाब की टीम अंकतालिका में दूसरे पर पहुंच गई है। उसके पास 11 मैचों में 15 अंक हैं। पंजाब की ओर से मिले 237 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पारी के तीसरे ओवर में ही मिचेश मार्श बिना खाता खोले आउट हो गए। फिर इसी ओवर की पांचवी गेंद पर दूसरे ओपनर एडन मार्करम भी 13 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद टीम को हर थोड़े अंतराल पर झटका



लगाता रहा। निकोलस पूरन ने 6 रन, कप्तान ऋषभ पंत 18 रन, डेविड मिलर 11 बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि टीम के लिए थोड़ा संघर्ष आयुष बडोनी और अब्दुल समद ने किया। जिन्होंने छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। अब्दुल समद 45 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बडोनी ने आवेश खान के साथ 34 रन की एक छोटी पार्टनरशिप की लेकिन वह नाकाफी रही। लखनऊ की टीम 20 ओवर में 199 रन ही बना सकी। बडोनी ने 74 रन की पारी खेली, जबकि आवेश खान 19 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन और अजमतुल्लाह ओमरजाई ने दो विकेट चटकाए। जबकि मार्को यानसेन और यजुवेंद्र चहल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 91 रन की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने जोश इंग्लिश (30 रन) और कप्तान श्रेयश अय्यर (45 रन) का भरपूर साथ मिला। वहीं, आखिर में शशांक सिंह ने 15 गेंदों में 33 रन और मार्कस स्टॉयनिश ने 5 गेंदों में 15 रन जड़कर टीम के स्कोर को 236 तक पहुंचा दिया।। लखनऊ के लिए आकाश सिंह और दिग्वेश राठी को दो-दो सफलता मिली। जबकि प्रिंस यादव के खाते में एक विकेट आया।

## पंजाब किंग्स की जीत पर कोच पोंटिंग ने कहा-धर्मशाला का माहौल शानदार,

**धर्मशाला। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल 2025) के अपने होम लेग की शुरूआत पंजाब किंग्स ने जोरदार अंदाज में की। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पंजाब ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने एक बार फिर धमाकेदार पारी खेली और 48 गेंदों में 91 रन ठोके।

इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 7 छक्के जड़े और 189.58 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (45 रन, 25 गेंद), शशांक सिंह (नाबाद 33 रन, 15 गेंद) और मार्कस स्टॉइनिस (नाबाद 15 रन, 5 गेंद) ने तेजी से रन जोड़कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

## बायर्न म्यूनिख ने जीता रिकॉर्ड 34वां बुंडेसलीगा खिताब



**बर्लिन। जर्मन फुटबॉल** क्लब बायर्न म्यूनिख ने रविवार को बिना कोई मैच खेले ही अपना 34वां बुंडेसलीगा खिताब जीत लिया। यह उनकी लगातार 12वीं और कुल मिलाकर रिकॉर्ड 34वीं बार जर्मन लीग खिताब पर कब्जा है। खिताब की यह स्थिति तब बनी जब उनकी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बायर लेवरकुसेन फ्राइबर्ग के खिलाफ 2-2 की बराबरी पर रुक गई। शनिवार को बायर्न म्यूनिख ने आरबी लाइपजिग के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला था, जिससे लेवरकुसेन को खिताबी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जीत दर्ज करनी जरूरी थी। लेकिन रविवार को फ्राइबर्ग ने शानदार खेल दिखाते हुए उन्हें रोक दिया।

**फ्राइबर्ग ने पहले ही हाफ में बना ली बढ़त**

फ्राइबर्ग ने मुकाबले में आक्रामक शुरूआत की। 44वें मिनट में मैक्सिमिलियन एग्गेस्टीन के डिफ्लेक्टेड शॉट से टीम ने पहला गोल किया। दूसरे हाफ के चौथे मिनट में लेवरकुसेन के डिफेंडर पिएरो हिंकापी ने आत्मघाती गोल कर फ्राइबर्ग को 2-0 की बढ़त दिला दी।

## रविचंद्रन की जगह हर्ष दुबे टीम में शामिल

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के चोटिल खिलाड़ी स्मरण रविचंद्रन के रिप्लेसमेंट का ऐलान कर दिया गया है। टीम ने रविचंद्रन की जगह घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर खिलाड़ी हर्ष दुबे को अपने साथ जोड़ा है। आईपीएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष मैचों के लिए चोटिल स्मरण रविचंद्रन की जगह हर्ष दुबे को अनुबंधित किया है। वह 30 लाख रुपये में हैदराबाद टीम में शामिल होंगे। दुबे, एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं और घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए खेलते हैं।

## 16 टीम चयन हेतू 9 मई को ट्रायल

**धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश** क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पुरुष अंडर-16 टीम चयन हेतू 9 मई को ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल का आयोजन लुहणू मैदान बिलासपुर में 9 मई को सुबह 9 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ट्रायल में 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 के मध्य जन्में 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। एचपीसीए में पंजीकृत खिलाड़ियों को ही ट्रायल में भाग लेने के लिए अनुमति दी जाएगी।

## आईपीएल से बाहर हुआ चेन्नई का विकेटकीपर बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज वंश बेदी एक भी मैच खेले बगैर टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उनके टखने में चोट लगी है। उनकी जगह फ्रेंचाइजी ने उर्विल पटेल को शामिल किया है। बता दें कि, 22 वर्षीय वंश ने अब तक चेन्नई के लिए कोई भी मुकाबला नहीं खेला है। चेन्नई ने चोट के बाहर हुए वंश बेदी की जगह उर्विल पटेल को टीम का हिस्सा बनाया है। 26 वर्षीय बल्लेबाज ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक जड़ कर सुर्खियां बटोरी थीं। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वैभव की मेहनत को सराहा,

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभिन्न स्तरों पर मिले खेलने के अवसरों ने वैभव की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने विशेष रूप से बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की क्रिकेट को लेकर संरचना, भूमिका और दूरगामी सोच को सराहते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर दिए गए मौके निर्णायक साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार रात 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए



वैभव की खेल भावना और उनके प्रदर्शन की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार का यह होनहार युवा क्रिकेटर पूरे देश को गौरवान्वित कर रहा है, और उसका जोश, मेहनत और लगन हर युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी की दूरदृष्टि और समर्पण भी अहम रहा है। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही वैभव की प्रतिभा को पहचान लिया था और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहकर लगातार अवसर प्रदान किए। तिवारी ने न सिर्फ एक खिलाड़ी पर विश्वास जताया, बल्कि बिहार क्रिकेट के भविष्य की नींव को मजबूती देने का कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी तिवारी के इन प्रयासों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा, "अलग-अलग स्तरों पर जो मैच खेलने को मिला, उसने वैभव के खेल विकास में बड़ी भूमिका निभाई है। उसकी प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण उल्लेखनीय है।" प्रधानमंत्री ने यह भी जोड़ा कि ऐसे प्रयासों से देश को भविष्य के विश्वस्तरीय

## प्रीमियर लीग 2024-25: चेल्सी ने गत चैंपियन लिवरपूल को 3-1 से हराया

**लंदन। प्रीमियर लीग** 2024-25 के एक अहम मुकाबले में चेल्सी ने रविवार को चैंपियन लिवरपूल को 3-1 से हराकर चैंपियंस लीग क्वालिफिकेशन की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। चेल्सी के लिए एनजो फर्नांडीज, कोल पाल्मर और एक आत्मघाती गोल स्कोरिंग में शामिल रहे।

**शुरूआत से ही हावी रही चेल्सी**

मैच की शुरूआत से ही चेल्सी ने आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे मिनट में ही बढ़त बना ली। कोल पाल्मर के पास पर नेटो ने गेंद एनजो फर्नांडीज को दी,



जिन्होंने गेंद को नेट में पहुंचाकर टीम को शुरूआती बढ़त दिला दी।

**क्वांसाह का आत्मघाती गोल और पाल्मर की वापसी**

दूसरा गोल भी पाल्मर की चालाकी से आया, जब उनकी एक क्रॉस को क्लीयर करने की कोशिश में लिवरपूल डिफेंडर जारेल क्वांसाह ने अपने ही गोल में बॉल डाल दी।

## सीएसके ने चोटिल वंश बेदी की जगह उर्विल पटेल को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली। चेन्नई सुपर** किंग्स (सीएसके) के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज वंश बेदी चोट के चलते पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। हालांकि उन्हें इस सीजन में अभी तक खेलने का मौका भी नहीं मिला था। फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह उर्विल पटेल को अपने साथ जोड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स ने वंश बेदी के स्थान पर उर्विल पटेल को अनुबंधित किया है, जो बाएं टखने में चोट के कारण शेष टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। वह 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर सीएसके से जुड़े हैं। सीएसके ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की-सीएसके ने वंश बेदी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "वंश बेदी बाएं टखने में लिगामेंट के फटने के कारण टाटा आईपीएल 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।" 28 गेंदों में जड़ा है शतक- गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ मात्र 28 गेंदों में शतक बनाकर किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से सबसे तेज टी20 शतक बनाया है। उन्होंने 47 टी20 मैच खेले हैं और 170.38 की स्ट्राइक रेट के साथ 1162 रन बनाए हैं।

## अंतर स्कूल जोनल स्तर की प्रतियोगिता के तहत हुए कई मुकाबले

**घगवाल। सरकारी मिडिल** स्कूल हरसाथ जोन घगवाल में चल रही अंतर स्कूल जोनल स्तर की प्रतियोगिता में 14 और 17 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों ने शतरंज, टेबल टेनिस, योग और बैडमिंटन के खेलों में जेडपीईओ घगवाल विकास मलगोत्रा की देखरेख में भाग लिया। जिले भर में चयन की प्रक्रिया धर्मवीर सिंह डीवाईएसएसओ सांबा के मिार्गदर्शन में राजिंदर सिंह तारा महानिदेशक युवा सेवाएं और खेल जम्मू-कश्मीर के निर्देशन में चल रही है। मेजबान स्कूल की प्रधानाध्यापिका उर्मिल खजूरिया ने



सभी खिलाड़ियों को बिना किसी जाति और पंथ के खेल को निष्पक्ष तरीके से खेलने की सलाह दी। उन्होंने खिलाड़ियों से समाज में स्वस्थ माहौल बनाने और खुद को नशे से दूर रखने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर भी जोर दिया। कुल 143 (अंडर 14 वर्ष लड़के-96 और अंडर 17 वर्ष लड़के- 47) छात्र खिलाड़ी जोन घगवाल जिला सांबा के विभिन्न स्कूलों से चुने गए हैं जो कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस और योग में भाग लेते हैं।

## एफ1 मियामी जीपी 2025: पियास्त्री ने लगाई जीत की हैट्रिक

**मियामी। ऑस्कर** पियास्त्री ने रविवार को मियामी ग्रां प्री जीतकर न केवल अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की, बल्कि मैकलॉरेन टीम को भी एक और यादगार वन-टू फिनिश दिलाया। चौथे स्थान से रेस शुरू करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ड्राइवर ने शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए जीत दर्ज की और अब वह चैंपियनशिप में टीममेट लैंडो नॉरिस से 16 अंकों से आगे हैं। दो साल पहले मियामी में सबसे धीमी टीम कही जाने वाली मैकलॉरेन ने अब वही रेस 35 सेकंड से ज्यादा के अंतर से जीत ली। पियास्त्री ने जीत के बाद कहा, ॿयह अविश्वसनीय है कि हम वहीं हैं जहां पहले हम लैप डाउन होते थे।

**वेरस्टैपेन की पोल से जीत न होने की परंपरा बरकरार**

रेड बुल के मौजूदा चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन पोल पोजिशन से रेस शुरू करने के बावजूद चौथे स्थान पर रहे। मैकलॉरेन के दोनों ड्राइवरों ने उन्हें ओवरटेक किया और मियामी में पोल पोजिशन से जीत नहीं होने की परंपरा को कायम रखा। मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन वह भी विजेता से 37.644 सेकंड पीछे रहे। विलियम्स के एलेक्स एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मर्सिडीज के किमी एंटोनेली और फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर व लुईस हैमिल्टन क्रमशः छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे।



**रेस की शुरूआत में ही नॉरिस और वेरस्टैपेन की भिड़ंत**

रेस की पहली लैप में ही रोमांच देखने को मिला जब लैंडो नॉरिस और मैक्स वेरस्टैपेन के बीच टर्न-2 पर टक्कर हुई, जिससे नॉरिस को ट्रैक से बाहर जाना पड़ा और तीन स्थानों का नुकसान हुआ। हालांकि, स्टीवर्ड्स ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। नॉरिस ने कहा, ॿअगर मैं आगे नहीं जाता तो लोग शिकायत करते, और अगर जाता हूं तो भी शिकायत होती है। मैक्स के साथ तो या टक्कर होगी या ओवरटेक नहीं हो पाएगा।ॿ

**फ्लॉलेस ड्राइव से पियास्त्री ने रचा इतिहास**

पियास्त्री ने एंटोनेली को लैप-4 में ओवरटेक किया और फिर वेरस्टैपेन को भी पीछे छोड़ा। नॉरिस ने भी शानदार वापसी करते हुए लैप-17 तक वेरस्टैपेन को पार किया और दूसरे स्थान पर आए। रेस के दौरान तीन बार वर्चुअल सेफ्टी कार आई, जिसमें अल्पाइन, हास और सोबर की गाड़ियों ने रेस छोड़ी।

## श्रीकांत और युवा भारतीय शटलरों की नजरें फॉर्म में वापसी पर

**नई दिल्ली। एक लम्बे** समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे किदांबी श्रीकांत और युवा भारतीय शटलर्स, जिसमें आयुष शेट्टी और अनुपमा उपाध्याय शामिल हैं, मंगलवार से शुरू हो रहे ताइपे ओपन में अपनी जबरदस्त वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट है। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक श्रीकांत पिछले कुछ समय से चोटों और अस्थिर फॉर्म से परेशान हैं, जिसके कारण वह वर्तमान बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग में 61वें स्थान पर पहुंच गए हैं। 32 वर्षीय श्रीकांत, जो 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता रहे थे, पिछले सीजन में 14 टूनार्मेंटों में भाग लिया,



जिसमें स्विस ओपन में सेमीफाइनल तक का सफर सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इस साल श्रीकांत ने अब तक पांच टूनार्मेंट खेले हैं, जिसमें उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूनार्मेंट में क्वार्टरफाइनल में पहुंचना था। श्रीकांत इस बार अपने खराब फॉर्म को खत्म करने के लिए भारत के साथी खिलाड़ी एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन के खिलाफ अपनी चुनौती की शुरूआत करेंगे। सुब्रमण्यन ने इस साल स्विस ओपन में डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 2 आंद्रस एंटोनसेन को हराया था। युवा शटलर आयुष शेट्टी, जिन्होंने 2023 वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, अपना अभियान तीसरी सीड ली चिया हाओ के खिलाफ शुरू करेंगे। वहीं, 2023 राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता थारुण मनेपल्ली जापान के शोगो ओगावा से मुकाबला करेंगे। मीराबा लूवांग माइसनम का सामना कनाडा के सातवीं सीड ब्रायन यांग से होगा। महिला सिंगल्स में अनुपमा उपाध्याय और उन्नति हूडा के बीच एक अनुपमा ने हाल ही में सुदीरमन कप फाइनल्स में इंग्लैंड की मियू लिन न्गान को हराकर आत्मविश्वास हासिल किया है।

अनमोल खरब और रक्षिता श्री संतोष रामराज, जो भविष्य के सितारे माने जा रहे हैं, भी इस टूर्नामेंट में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। 18 वर्षीय अनमोल, जो पिछले साल एशियाई टीम गोल्ड में अहम सदस्य थे, पहले राउंड में क्वालिफायर से मुकाबला करेंगी। रक्षिता का सामना दूसरे सीड सिम यू जिन से होगा। महिला डबल्स में रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर भी अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। इसके अलावा, पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मण्जुनाथ, रघु मरिस्वामी, मनराज सिंह, आर्यमान तंडन, इरा शर्मा, श्रेया लेले, मंसी सिंह और इशरानी बरुआ भी सिंगल्स क्वालीफिकेशन राउंड में भाग लेंगे।

## सीनियर नेशनल कैंप तक के सफर पर प्रताप ने कहा- कभी हार नहीं मानी

**नई दिल्ली। ओडिशा के** सुंदरगढ़ जिले के एक छोटे से गांव से निकले 24 वर्षीय डिफेंडर प्रताप लाकड़ा की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। कोरोना महामारी के दौरान जब ज्यादातर खिलाड़ी अपनी दिशा खो बैठे, लाकड़ा ने न सिर्फ खुद को संभाला, बल्कि अपनी मेहनत से भारत की सीनियर हॉकी टीम के नेशनल कैंप तक जगह बना ली। प्रताप लाकड़ा की ज़िंदगी में एक समय ऐसा आया जब सब कुछ हाथ से फिसलता महसूस हो रहा था। वर्ष 2020 में जब कोविड-19 की वजह से देशभर में लॉकडाउन हुआ, तो उन्हें जूनियर कैंप से बाहर कर दिया गया। फिटनेस गिर गई और मौके भी कम होने लगे। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वे रेलवे की टीम के मैदान पर अकेले ट्रेनिंग करते रहे। लाकड़ा ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "उस दौर में कुछ भी तय नहीं था, लेकिन मैं रोज मैदान पर जाता था।" प्रताप की हॉकी यात्रा गांव के मैदान से शुरू हुई थी, जहां वे नंगे पांव हॉकी खेला करते थे। उनके पिता गांव में हॉकी खेल चुके थे और उनकी बहन प्रीति ओडिशा की नेशनल प्लेयर रही हैं। उन्होंने कहा, "हम किसान हैं, लेकिन हमारे खून में हॉकी है।"आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। एक बार उनके पास खेलने के लिए सही जूते भी नहीं थे, तब हॉकी गंगपुर ओडिशा के एक अधिकारी



ने उनकी मदद की। वर्ष 2011 में लाकड़ा पानपोष स्पोर्ट्स हॉस्टल, राउरकेला में शामिल हुए और जल्दी ही जूनियर टीम का हिस्सा बन गए। उन्होंने वर्ष 2017 और 2019 में सुल्तान ऑफ जोहोर कप और स्पेन में 8 नेशन्स टूनार्मेंट खेले। लेकिन महामारी ने करियर पर ब्रेक लगा दिया। इसके बाद वे रेलवे के टूनार्मेंट्स में खेले

**कहानी फिल्मी**

**लाकड़ा ने न सिर्फ खुद को संभाला, बल्कि मेहनत से सीनियर हॉकी टीम के नेशनल कैंप तक जगह बना ली**

और 2018 में साउथ सेंट्रल रेलवे में नौकरी मिली, जिससे उन्हें स्थिरता और खेल में वापसी का प्लेटफॉर्म मिला।

**2025 में वापसी और नेशनल कैंप में एंट्री-**

2024 में उन्होंने ओडिशा की ओर से सीनियर नेशनल खेला और फिर 2025 में मध्य प्रदेश की ओर से। इस बार उनका प्रदर्शन इतना शानदार था कि वे टीम को सिल्वर मेडल दिलाने में मददगार बने और नेशनल कैंप के लिए चुने गए। लाकड़ा ने बताया, "फाइनल मुकाबला बेहद कठिन था। पंजाब जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलकर बहुत कुछ सीखने को मिला।" लाकड़ा की प्रेरणा भारतीय डिफेंडर बीरेन्द्र लाकड़ा और ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह हैं। उन्होंने कहा, "बीरेन्द्र सर का डिफेंस में नियंत्रण और रूपिंदर सर की तकनीक- दोनों से बहुत सीखा।" वर्ष 2024-25 में वेदांता कलिंगा लांसर की ओर से हॉकी इंडिया लीग में भी शामिल हुए। हालांकि ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला।

## कैस्पर रूड ने जैक ड्रेपर को हराकर जीता पहला मास्टर्स खिताब

**मैड्रिड। नॉर्वे के टेनिस** स्टार कैस्पर रूड ने रविवार देर रात को मेड्रिड ओपन 2025 का खिताब जीतते हुए इतिहास रच दिया। 14वीं वरीयता प्राप्त रूड ने खिताबी मुकाबले में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से मात दी। यह रूड का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है। 26 वर्षीय रूड ने इस खिताब को अपने 18वें क्लेकोर्ट फाइनल में हासिल किया।

**चोट के बावजूद दिखाया जज्बा, दिग्गजों को दी मात**

रूड ने सेमीफाइनल में पसली में चोट लगने के बावजूद दमदार प्रदर्शन किया और ड्रेपर को हराकर



खिताब अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने टेलर फ्रिट्ज, दानिल मेदवेदेव और फ्रांसिस्को सेरुंडोलो जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को हराया था।

**ड्रेपर से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी**

पहले सेट में रूड 3-5 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने दो बार ड्रेपर की सर्विस तोड़कर सेट 7-5 से अपने नाम किया। हालांकि ड्रेपर ने दूसरा सेट 3-6 से जीतकर मुकाबले में वापसी की। तीसरे सेट में रूड ने 3-2 की बढ़त बनाते हुए अंत में 6-4 से सेट और मैच अपने नाम कर लिया। हालांकि जैक ड्रेपर को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अब आज जारी होने वाली नई एटीपी रैंकिंग में करियर की सर्वोच्च रैंकिंग यानी विश्व नंबर 5 पर पहुंच जाएंगे। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, कैस्पर, तुम्हें बहुत-बहुत बधाई।

# उत्तराखंड को कृषि विकास का तोहफा

❑ वैज्ञानिकों की 2000 टीमें होंगी तैनात ❑ मुख्यमंत्री धामी की मांगों पर केंद्र का भरोसा: झंगोरा, सेब, कीवी को मिलेगा समर्थन ❑ घेरबाड़ योजना के लिए मांगा चरणबद्ध प्रस्ताव

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि, कृषक कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग की केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान कई अहम मुद्दों और योजनाओं पर चर्चा हुई।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों तक वैज्ञानिकों की पहुंच सुनिश्चित कराए जाने के लिए वैज्ञानिकों की 2 हजार टीमें बनाई जा रही हैं। वैज्ञानिकों की टीमें देश के प्रत्येक जनपद में जाकर वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से उत्पादन में वृद्धि, किसानों को आधुनिक खेती और तकनीकी से जोड़ने, कृषि और बागवानी से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि



कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड में अच्छा कार्य हो रहा है। राज्य में कृषि का क्षेत्रफल घटा है, लेकिन उत्पादन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में लंबी अवधि की कार्ययोजना पर कार्य किया जाए, इसके साथ ही राज्य में तात्कालिक रूप से कृषि के क्षेत्र में जो कार्य होने हैं, उनके लिए भारत सरकार से जो अपेक्षा है, उसका प्रस्ताव भेजा जाए।

**घेरबाड़ योजना के लिए मांगा चरणबद्ध प्रस्ताव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि और बागवानी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री से सहयोग के लिए अनुरोध किया। राज्य में जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए घेरबाड़ के लिए लगभग 1 हजार 53 करोड़ रुपये की मांग पर केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि इसके लिए चरणबद्ध तरीके से प्रस्ताव भेजे जाएं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज को मिले वैश्विक प्रोत्साहन

ग्राम्य विकास की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि हाउस ऑफ हिमालयाज लिमिटेड को ग्रामीण से वैश्विक स्तर तक ले जाने के लिए मान्यता मिले। हाउस ऑफ हिमालयाज को जी.आई. टैग करने और इससे जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए सहयोग दिए जाने तथा हिमालयन ग्रामीण बैंक का निर्माण एवं प्रीमियम सलाई चेन विकास के लिए अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ये सभी पहलें बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन पहलों को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए केन्द्र से कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की टीम आकर राज्य के साथ कार्य कर विस्तृत योजना बनाएगी।

## कीवी मिशन में भी मिलेगा सहयोग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि झंगोरा राज्य में मुख्य पारम्परिक फसल है, जो 38 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादित की जा रही है, इसलिए किसानों के हित में मंडुआ की तर्ज पर झंगोरा के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाना चाहिए।

इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक होकर विचार करने का भरोसा दिलाया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कीवी मिशन के तहत राज्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए सहयोग दिया जाएगा। शहद, मशरूम और एरोमैटिक वेजिटेबल के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हेतु भी पूर्ण सहयोग का उन्होंने आश्वासन दिया। ड्रैगन फ्रूट मिशन और हिमालयन एके-डमी फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग एंड रूरल एंटरप्राइजेज फॉर एग्री एंड एलाइड के लिए सहयोग मांगे जाने पर उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## मनरेगा में मजदूरी बढ़ाने की पैरवी

मुख्यमंत्री ने मनरेगा के तहत मजदूरी दर बढ़ाने का केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री ने मजदूरी दर में बढ़ोतरी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सभी पहलुओं पर विचार कर कार्यवाही किए जाने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण के लिए अनुदान राशि 1 लाख 30 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपये किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में परिवहन लागत अधिक लगती है। केन्द्रीय मंत्री ने हिमालयी राज्यों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस पर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के लिए 600 किमी लंबाई की 100 से अधिक परियोजनाओं के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने के अनुरोध पर उन्होंने कहा कि इसकी स्वीकृति जल्द दी जाएगी।

# मप्र के उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगी आग



टीम एक्शन इंडिया

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में सोमवार को दोपहर में अचानक आग लग गई, जिससे भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। आग मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी, जिसमें पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। इस हादसे के कारण मंदिर में दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा।

**मचा हड़कंप**

❑ आग मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी, जिसमें एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं

घटना मंदिर के गेट नंबर एक पर स्थित अवंतिका गेट के सोलर पैनल के कंट्रोल रूम में लगी। यह कंट्रोल रूम महाकाल मंदिर की छत पर स्थित है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया।

# पूरे देश के रेल बजट से ज्यादा अकेले राजस्थान को दिया धन: वैष्णव

टीम एक्शन इंडिया

**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे इतिहास रच रहा है। वहां तक कि रेल बजट में जितना धन अकेले राजस्थान को दिया गया है उतना तो एक देश का पूरा बजट भी नहीं है। यह बात उन्होंने सोमवार को जोधपुर के संक्षिप्त दौरे पर मीडिया से बात करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने जोधपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर चल रहे री-डेवलपमेंट कार्य का अवलोकन किया। रेल मंत्री ने इन दिनों देश भर में रेलवे स्टेशनों की शक्ल बदलने और रेल में ढांचा का विकास को लेकर कहा कि पहले के दौर में स्टेशनों में सुधार के नाम पर रंग रोगन किया जाता था और उन्हें आदर्श स्टेशन का नाम दे दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब देशभर में स्टेशनों की सूरत बदली जा रही है। इन्हें अमृत भारत स्टेशनों के नाम से नए सिरे से तैयार किया जा रहा है, जिस पर कई हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का भी यही कहना है कि रेलवे का ढांचागत विकास और स्टेशनों का डेवलपमेंट इस तरह होना चाहिए कि वह अगले 50 साल के लिए काम आ सके। उन्होंने कहा कि जोधपुर का मिर्ची बड़ा और गुलाब जामुन भी अब स्टेशन पर आराम से मिलेगा।



## डीआरएम से ली जानकारी

यहां उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी से सवाल किया कि जोधपुर स्टेशन की बिल्डिंग में जोधपुर की धरोहर को समाहित किया गया है या नहीं? इस पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि जो पुरानी बिल्डिंग है, उसका क्लॉक टावर नई बिल्डिंग के बीच में समाहित किया गया है। उसके स्वरूप को यथावत संजोए रखा जाएगा। इस दौरान रेलमंत्री ने मौके पर री- डेवलपमेंट का काम देख रहे इंजीनियर से स्टेशन की डिजाइन, पार्किंग, यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इंजीनियर ने बताया कि स्टेशन बिल्डिंग में एंट्री के लिए वाहनों को फ्लाईओवर जैसी सुविधा दी जाएगी। वैष्णव ने यात्रियों के बैठने, प्लेटफार्म, स्टॉल्स आदि के बारे में भी जानकारी ली।

## यात्रियों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के बाद वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों से फीडबैक लेते हुए स्टेशन पर मिल रही सुविधाओं और किसी तरह की परेशानी के बारे में भी पूछा। इस पर एक यात्री जैसलमेर निवासी नरपत राम ने बताया कि वैसे तो सब बढ़िया है लेकिन लिफ्ट बंद है। इससे बुजुर्ग यात्रियों को बड़ी परेशानी हो रही है। इस पर मंत्री ने मौके पर ही डीआरएम से पूछा और इस समस्या का तत्काल निदान कराने के निर्देश भी दिए। रेल मंत्री के औचक निरीक्षण की जानकारी मिलने के बाद रेलवे प्रशासन भी तुरत फुरत में व्यवस्थाओं में जुट गया था।

# गरीबों को हक लौटाने का काम करेगा वक्फ संशोधन विधेयक: त्रिवेंद्र

टीम एक्शन इंडिया

**हरिद्वार।** वक्फ संशोधन अधिनियम गरीब मुसलमानों को उनका हक लौटाने का काम करेगा तथा हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रुड़की में पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जो संपत्ति गरीबों के काम आनी चाहिए थी, उसके ऊपर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। वक्फ की जमीनों पर होटल, मॉल, रिसॉर्ट और निजी अस्पताल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार आठ लाख एकड़ जमीन में अस्सी प्रतिशत जमीनों पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उन्होंने कहा कई प्रदेशों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जिसमें किसानों, व्यापारियों एवं अन्य लोगों की निजी जमीनों को

**हक की बात**

❑ जो संपत्ति गरीबों के काम आनी चाहिए थी, उसके ऊपर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया: त्रिवेंद्र सिंह रावत



वक्फ की घोषित कर लाखों करोड़ों का घोटाला कर दिया। मुफ्ती मजाहद हुसैन कासमी ने कहा कि यह बिल भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लाया गया है। इस संशोधन से न किसी मस्जिद, मदरसे और खानकाह पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इसके बाद केवल गरीब, विधवाओं और वंचितों को उनका हक मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि जो लोग इस संशोधन की खिलाफत कर रहे हैं उन्होंने स्वयं वक्फ की जमीनों पर कब्जा किया हुआ है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि कई मुस्लिम नेता और धर्मगुरुओं ने वक्फ संपत्तियों का नाजायज लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि अब यह देश गुंडागर्दी से नहीं बल्कि संविधान से चलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक गुप्ता, सुशील त्यागी, प्रवीण सिंधु, अरविंद गौतम, पंकज नंदा आदि मौजूद रहे।

## एमपी: जिलों में आंधी, बारिश के साथ गिरे ओले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार को राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और बारिश का मौसम रहा। इंदौर में रिकॉर्ड पौने 3 इंच पानी गिर गया, जबकि भोपाल समेत कई जिलों में ओले गिरे। ऐसा ही मौसम सोमवार को भी बना रहेगा। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 8 मई तक आंधी, बारिश और ओले का सिस्टम एक्टिव है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।




## अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई रविवार को भी जारी रहा। रविवार को भी पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और लखीमपुर खीरी में स्थानीय जनपद व पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। श्रावस्ती में शासकीय भूमि पर बने अवैध मदरसे व ईदगाह पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

# डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ समान रूप से मिले: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को नौ प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध



उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं।

**समीक्षा की**

❑ मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध के बाद हुई कार्रवाई की समीक्षा

**बदली तस्वीर** *सीएम योगी के मार्गदर्शन में हरदोई के ग्रामीण इलाकों में कई वर्षों से चल रहा है समुदाय कार्यक्रम*

# सीएम योगी के 'समुदाय' ने बदली ग्रामीण विकास की तस्वीर

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों क्षेत्रों की लगातार तस्वीर बदल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिन गांवों में कभी लोग जाने से कतराते थे, आज सीएम योगी के मार्गदर्शन में पिछले आठ वर्षों में इन गांवों की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है। उत्तर प्रदेश के गांव विकास के मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। सीएम योगी के प्रयासों का असर है कि आज यह गांव शहरों को मात दे रहे हैं। सीएम योगी के नेतृत्व और सरकार की सक्रिय सहभागिता से हरदोई में शुरू हुआ समुदाय



कार्यक्रम, आज पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बन चुका है। अब इस समुदाय मॉडल को पूरे प्रदेश में विस्तारित करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इसके तहत समुदाय कार्यक्रम को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित किया गया है।

**समुदाय ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पर्यावरण और जल-स्वच्छता के क्षेत्रों में ग्रामीण जीवन को बनाया सशक्त**

हरदोई जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए प्रयासरत हैं। उनका यह प्रयास रंग ला रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में हरदोई के ग्रामीण इलाकों में एचसीएल फाउंडेशन की ओर से समुदाय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सीएम योगी की दूरदर्शी सोच और शासन की भागीदारी से समुदाय कार्यक्रम ने न केवल हरदोई के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदली है, बल्कि ग्रामीण विकास मॉडल बन चुका है। डीएम मंगला प्रसाद ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला रखी है।